Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया


RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्षः 6 अंकः 274 | रविवार, 05 अक्टूबर -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## अमित शाह की देश की जनता से अपील

# 'स्वदेशी अपनाते हुए दिवाली मनाएं'



**नई दिल्ली।**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लोगों से भारतीय उत्पादों को बढ़ावा देकर और विदेशी वस्तुओं का त्याग करके स्वदेशी भावना के साथ दिवाली मनाने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि 140 करोड़ नागरिकों का ऐसा सामूहिक संकल्प भारत को 'महान' बनाएगा। नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा शुरू की गई 'आत्मनिर्भर भारत' पहल ने देश की अर्थव्यवस्था को गति दी है और यह बेरोजगारी की समस्या का भी समाधान कर रही है। साथ ही, इसने मेक इन इंडिया को बढ़ावा दिया है और दुनिया भर के लोगों को भारत में निर्माण के लिए प्रोत्साहित किया है।

शनिवार को गोवा सरकार की महत्वाकांक्षी 'महाजे घर' योजना सहित विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करने के बाद अमित शाह पणजी के पास एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत, केंद्रीय मंत्री एवं उत्तरी गोवा के सांसद श्रीपद नाइक और राज्यसभा सदस्य सदानंद शेत तनावड़े भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। शाह ने कहा कि नवरात्रि की पूर्व संध्या पर प्रधानमंत्री ने 395 उत्पादों पर जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) में एक-तिहाई की कमी की है और इस कदम से नागरिकों को बड़ा लाभ हो रहा है। उन्होंने कहा, "कई खाद्य पदार्थों पर जीएसटी शून्य कर दिया गया है। दैनिक उपयोग की आवश्यक वस्तुओं पर इसे घटाकर पांच प्रतिशत कर दिया गया है।" गृह मंत्री ने कहा कि अगर भारत के 140 करोड़ नागरिक केवल स्वदेशी उत्पादों का उपयोग करने का संकल्प लें और व्यापारी अपने स्टोर और माल में भारतीय सामान रखें, तो देश कुछ ही समय में महान बनने के अपने सपने को साकार कर सकता है। आत्मनिर्भर होने से बड़ा कुछ भी नहीं है।

### 'न करें विदेशी वस्तुओं का इस्तेमाल'

उन्होंने कहा कि भारत की आजादी के बाद से किसी ने भी बिक्री कर या जीएसटी में इतनी कटौती करने की हिम्मत नहीं की थी, जिसे प्रधानमंत्री मोदी ने हासिल कर दिखाया है। इसलिए यह दिवाली सभी भारतीयों के लिए शुभ होगी। प्रधानमंत्री ने स्वदेशी पर भी जोर दिया है। इस दिवाली हमें यह संकल्प लेना होगा कि जब तक बिल्कुल जरूरी न हो, एक भी विदेशी वस्तु का इस्तेमाल नहीं किया जाएगा।'

## केरल सरकार ने भी लिया ये बड़ा फैसला

# तमिलनाडु के बाद एमपी में भी कोल्ड्रिफ कफ सिरप पर लगा प्रतिबंध

**भोपाल।**



तमिलनाडु और केरल के बाद मध्य प्रदेश में भी कोल्ड्रिफ कफ सीरप के उपयोग और बिक्री पर रोक लगा दी गई है। कंपनी के अन्य उत्पादों पर भी रोक लगाई गई है। यह सीरप श्रीसन कंपनी बनाती है, जिसकी उत्पादन इकाई तमिलनाडु के कांचीपुरम में है। मध्य प्रदेश और राजस्थान में बच्चों की मौत के बाद तमिलनाडु सरकार के औषधि प्रशासन विभाग ने कंपनी की उत्पादन इकाई से सीरप के सैंपल लेकर जांच की तो एसआर-13 बैच में हानिकारक केमिकल डायथिलीन ग्लाइकल (डीईजी) बहुत अधिक मात्रा में पाया गया। चौंकाने वाली बात यह है कि जिस कोल्ड्रिफ में हानिकारक डीईजी मिला, मध्य प्रदेश सरकार अब तक उसकी जांच नहीं करा पाई है, जबकि इसके पहले स्वास्थ्य विभाग देख रहे प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा था कि नौ सैंपलों की रिपोर्ट में कफ सीरप में हानिकारक तत्व नहीं मिले हैं। उल्लेखनीय है कि छिंदवाड़ा की एक बच्ची की शनिवार को नागपुर के अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। अब तक यहां के 10 बच्चे अब तक दम तोड़ चुके हैं, जबकि 12 बच्चों का नागपुर में उपचार चल रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मृतक बच्चों के स्वजन को चार-चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता की घोषणा की है। बता दें कि छिंदवाड़ा में सर्दी-जुकाम, बुखार के बाद बच्चों को पेशाब रुकने की समस्या हुई। किडनी फेल होने से उनकी मौत का सिलसिला शुरू हुआ। चार सितंबर को पहली मौत सामने आई थी, तब स्वास्थ्य विभाग ने गंभीरता नहीं दिखाई। पीड़ित बच्चों की किडनी की बायोप्सी में डीईजी मिलने के बाद मात्र छिंदवाड़ा में ही कफ सीरप को कलेक्टर के निर्देश पर प्रतिबंधित किया गया। एक सप्ताह पहले केंद्र व राज्य की टीम ने बच्चों को पिलाई गई सीरप के अलग-अलग ब्रांड के 19 सैंपल लिए गए थे, अब तक जिन नौ की रिपोर्ट आई है, जिनमें कोल्ड्रिफ शामिल नहीं है।

# खरगोन में धर्मशाला विवाद पर दो पक्षों में जमकर चलीं लाठियां, 24 घायल

**खरगोन।**



बलवाड़ा थाना क्षेत्र के बरझर गांव में सामुदायिक भवन (धर्मशाला) के उपयोग को लेकर पिछले दो दिन से पांच समाजों में विवाद चल रहा है। शुक्रवार और शनिवार को विवाद इतना बढ़ गया कि ग्रामीणों के बीच जमकर लाठियां चलीं। इसका वीडियो इंटरनेट मीडिया पर भी वायरल हुआ। पुलिस जांच में जुटी है। गांव में धर्मशाला को लेकर पाटीदार, गुर्जर, गवली, राजपूत और आर्य समाज के बीच तनाव बना हुआ है। एक पक्ष का कहना है कि धर्मशाला उनका है और अन्य समाज इसका उपयोग नहीं कर सकते। इसी को लेकर विरोध हुआ और पुलिस की मौजूदगी में लाठियां चलीं।

# बंगाल में सांगठनिक कमजोरी को दूर करने में जुटी बीजेपी

**कोलकाता।**



बंगाल में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव को देखते हुए भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व राज्य में अपनी सांगठनिक कमजोरी व अंतर्द्वंद्व को दूर करने में जुट गया है।

बंगाल भाजपा का केंद्रीय चुनाव प्रभारी नियुक्त किए जाने के बाद शुक्रवार को पहली बार राज्य के दौरे पर आए केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने प्रदेश नेतृत्व के साथ पहली बैठक में यह निर्देश दिया। चुनाव सह-प्रभारी नियुक्त किए गए त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री व सांसद बिप्लब कुमार देब भी बैठक में मौजूद थे। सूत्रों के अनुसार भूपेंद्र यादव ने पार्टी के नए-पुराने नेताओं के बीच चल रहे टकराव को जल्द दूर करने पर जोर दिया। उन्होंने पार्टी में सभी को सक्रिय कर चुनाव संबंधी कार्यों में लग जाने को कहा है। बूथ समितियों के कामकाज पर नाराजगी जताने के साथ ही जानना चाहा कि बाकी बूथों पर समितियों का गठन कब होगा। राज्य में भाजपा की संगठनात्मक स्थिति की विस्तृत जानकारी भी ली। बैठक में उपस्थित बंगाल भाजपा के केंद्रीय पर्यवेक्षक सुनील बंसल ने सलाह दी कि सभी स्तर की समितियों में 50 प्रतिशत पुराने लोगों को रखा जाना चाहिए। बैठक में चुनावी रणनीति को लेकर भी मंथन हुआ। महीने के अंत में विभिन्न मुद्दों पर राज्यभर में सड़कों पर उतरने का भी निर्णय लिया गया है। प्रत्येक जिले में बड़े कार्यक्रमों की योजना बनाई जा रही है। सूत्रों के अनुसार काली पूजा से पहले नई राज्य समिति की घोषणा कर दी जाएगी। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष शमिक भट्टाचार्य, नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार के अलावा बंगाल भाजपा के केंद्रीय सह- पर्यवेक्षक अमित मालवीय, प्रदेश महासचिव (संगठन) अमिताभ चक्रवर्ती, संयुक्त महासचिव (संगठन) सतीश मौजूद थे।

### काली पूजा से पहले नई समिति का होगा गठन

# विभिन्न दलों के नेताओं से पहली बार मिलेंगे उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन



**नई दिल्ली।**

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन सात अक्टूबर को संसद परिसर में विभिन्न दलों के नेताओं से मुलाकात करेंगे। उपराष्ट्रपति चुने जाने के बाद नेताओं के साथ ये उनकी पहली मुलाकात होगी। उपराष्ट्रपति से मुलाकात के लिए जिन नेताओं को आमंत्रित किया गया है उनमें भाजपा अध्यक्ष और सदन के नेता जेपी नड्डा, विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे और संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजु, राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और एल मुरुगन प्रमुख रूप से शामिल हैं। इसके अलावा बैठक में तृणमूल कांग्रेस, द्रमुक, आप, राजद, बीजद, अन्ना द्रमुक, माकपा, भाकपा, राकांपा और जद(स) को भी आमंत्रित किया गया है। सूत्रों ने बताया कि नेताओं में शरद पवार, एचडी देवेगौड़ा, एम थंबीदुरई, डेरेक ओ ब्रायन, तिरुचि शिवा, संजय सिंह, सुभाष चंद्र बोस पिल्ली, सस्मित पात्रा, प्रेम चंद गुप्ता, संजय राउत, राम गोपाल यादव, जान ब्रिटास, संतोष कुमार पी, प्रफुल्ल पटेल, संजय कुमार झा, रामदास अठावले, बीरेंद्र प्रसाद बैश्य, अब्दुल वहाब, जीके वासन और केआर सुरेश रेड्डी शामिल हैं।

### संसद परिसर में होगी औपचारिक बैठक

## सेना प्रमुख ने दो महीने पहले किया था एलान

# भविष्य के युद्धों से निपटने के लिए सेना की नई रुद्र ब्रिगेड का गठन



**नई दिल्ली।**

ऑपरेशन सिंदूर के बाद सैन्य आधुनिकीकरण और एकीकृत थियेटर योजना की दिशा में कदम बढ़ाते हुए सेना ने अपनी एकीकृत नई रुद्र ब्रिगेड का गठन कर दिया। सेना की उत्तरी कमान ने शनिवार को एक्स पर इसकी घोषणा की। इस ब्रिगेड में इंफैंट्री, मेकेनाइज्ड इंफैंट्री, आर्मर्ड यूनिट, आर्टिलरी, स्पेशल फोर्स, अनमैन्ड एरियल सिस्टम और ऐसे ही युद्धक कंपोनेंट शामिल किए गए हैं। इस ब्रिगेड को लॉजिस्टिक या कांबैट सपोर्ट जैसे विशेष कार्यों के लिए तैयार किया गया है। बता दें कि 26वें कारगिल विजय दिवस के मौके पर इस साल 26 जुलाई को सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने सेना के लिए नई रुद्र ब्रिगेड के गठन की घोषणा की थी। सेना की उत्तरी कमान ने अपनी पोस्ट में लिखा कि भारतीय सेना क्षमता विकास और भविष्य के युद्धों के लिए तैयारी पर अपनी ध्यान निरंतर बनाए हुए है। रक्षा विश्लेषकों का मानना है कि ब्रिगेड में विशेष बलों और मानवरहित प्रणालियों को शामिल करना परंपरागत ताकत को उभरती हुई तकनीक को जोड़ने की दिशा में एक कदम है। उम्मीद है कि यह नया गठन भविष्य के युद्धों के लिए भारत की तैयारी सुनिश्चित करेगा और साथ ही सीमाओं पर मजबूत संदेश भी भेजेगा। रुद्र ब्रिगेड को इंटीग्रेटेड बैटल ग्रुप (आइबीजी) की तर्ज पर तैयार किया गया है।

# भोपाल में भाजपा नेत्री को दबंगों ने पीटा, खुलेआम सड़कों पर खसीटा



**भोपाल।** सूखीसेवनिया क्षेत्र के ओंकारा सेवनिया में पड़ोसियों ने भाजपा महिला मंडल महामंत्री 55 वर्षीय शकुन शर्मा को जमकर घसीटा और पिटाई कर दी। शुक्रवार शाम मंदिर से पूजा कर घर लौटते समय पड़ोसियों ने उनसे विवाद शुरू कर दिया। किसी तरह घर भागकर उन्होंने जान बचाई और पुलिस को फोन किया। पुलिस समझाइश देकर लौट गई, लेकिन इसके बाद आरोपित परिवार ने शकुन शर्मा पर हमला कर दिया। पड़ोस में रहने वाली दो बहनों ने उन्हें घर से दूर तक घसीटा और चांटे मारे, वहीं उनके मां-पिता और भाई ने भी मारपीट की। इस घटना का वीडियो पीड़िता के पिता ने बनाया, जो शनिवार को सामने आया है। शिकायत पर सूखीसेवनिया पुलिस ने पांच लोगों पर केस दर्ज किया है। घटना के बाद सभी आरोपित घर पर ताला लगाकर फरार हो गए। थाना प्रभारी रामबाबू चौधरी ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच पुराने विवाद की जानकारी भी मिली है।

# 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' अभियान के तहत 6.5 करोड़ महिलाओं की हुई जांच, जेपी नड्डा बोले- 'असाधारण उपलब्धि'

**नई दिल्ली।**

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने शनिवार को कहा कि 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' अभियान के तहत देशभर में लगभग 18 लाख स्वास्थ्य शिविरों में 6.5 करोड़ महिलाओं की जांच की गई है। उन्होंने इसे एक ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए कहा कि यह अभियान महिलाओं के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने के राष्ट्र के सामूहिक संकल्प को दर्शाता है। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से 17 सितंबर को शुरू किया गया दो सप्ताह का स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान दो अक्टूबर को संपन्न हुआ। इस दौरान देशभर में आयोजित लगभग 18 लाख स्वास्थ्य शिविरों में छह करोड़ 50 लाख महिलाओं की जांच की गई। उन्होंने कहा कि यह असाधारण उपलब्धि महिलाओं के स्वास्थ्य को केंद्र में रखने के राष्ट्र के सामूहिक संकल्प को दर्शाती है।

### '6 करोड़ 50 लाख महिलाओं ने कराई जांच'



## संपादक की कलम से

# स्वदेशी महज एक नारा

हम सात दशकों से स्वदेशी के नारे सुन रहे हैं। आजादी से पहले भी यह आरएसएस का बुनियादी मुद्दा था। 1951 में जनसंघ का गठन हुआ, तो संघ के इस मुद्दे को राजनीतिक तौर पर ग्रहण किया गया। जनसंघ का यह चुनावी मुद्दा भी होता था। जब 1980 में भाजपा का गठन हुआ, तो उसने भी स्वदेशी का खूब प्रचार किया। दरअसल हम स्वदेशी के विरोधी नहीं हैं, क्योंकि यह देश की आत्मनिर्भरता का प्राथमिक मुद्दा है। अब आरएसएस के शताब्दी समारोह और दशहरा संबोधन में क्रमशः प्रधानमंत्री मोदी और सरसंघचालक मोहन भागवत ने एक बार फिर स्वदेशी का गुणगान किया है। स्वदेशी और खादी को देश की आजादी से जोड़ा है, लेकिन सवाल है कि क्या स्वदेशी से ही 146 करोड़ से अधिक आबादी वाले देश का गुजारा संभव है? क्या देश की अर्थव्यवस्था का विस्तार संभव है? हमारा मानना है कि वैश्विक उदारीकरण के दौर में स्वदेशी के आधार पर ही अंतरराष्ट्रीय व्यापार, विदेशी निवेश, निर्यात और अंततः आत्मनिर्भरता संभव नहीं हैं। खादी का उत्पादन 3783 करोड़ रुपए का है और व्यापार 7146 करोड़ रुपए का है। वैश्विक व्यापार में भारत विश्व में 10वें स्थान पर है। हम 4 ट्रिलियन डॉलर से अधिक की अर्थव्यवस्था हैं। महज इतनी व्यापारिक पूंजी से देश कैसे चल सकता है? भारत का कुल निर्यात 37 लाख करोड़ रुपए और आयात 61 लाख करोड़ रुपए का है। लिहाजा हमारा व्यापार घाटा करीब 9000 करोड़ रुपए का है। यदि स्वदेशी को 100 फीसदी लागू करना है, तो सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्यमों की चिंता स्पष्ट करें, जो स्वदेशी की रीढ़ हो सकते हैं। कोरोना वैश्विक महामारी के दौरान तालाबंदी से 75082 लघु और कुटीर कंपनियां बंद हो गईं। उससे पहले वे नोटबंदी से व्यापक तौर पर प्रभावित हुईं। अनुमान है कि ऐसे कुटीर उद्योगों की करीब 6 लाख कंपनियां, फैक्टरियां बंद हो चुकी हैं। बेशक सरकार ने आर्थिक पैकेज और आसान बैंकिंग कर्ज घोषित किए, लेकिन एमएसएमई के अस्तित्व को बचाया नहीं जा सका। सरकार औपचारिक बयान देकर कुटीर उद्योगों की अद्यतन स्थिति स्पष्ट कर सकती है। मोदी सरकार ने देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में मैन्यूफैक्चरिंग के योगदान का लक्ष्य 23 फीसदी तय किया था। वह 16–17 फीसदी से घटकर करीब 13 फीसदी पर आ गया है। जब भारत मैन्यूफैक्चरिंग के क्षेत्र में फिलहाल पिछड़ा है, तो स्वदेशी कैसे संभव है? भारत में स्वदेशी उत्पादन और अर्थव्यवस्था की सोच को 1991 से पहले ही लागू करनी चाहिए थी। जो भूमंडलीकरण और उदारीकरण 1991 में भारत में शुरू किया गया, उसे 1979 में ही चीन में लागू कर दिया गया था, नतीजतन उसे बहुत पहले आत्मनिर्भर होने में मदद मिली। आज उसकी औद्योगिक नीति ऐसी है कि वह किसी भी देश पर आश्रित नहीं है। अमरीका के साथ मात्र 13–14 फीसदी व्यापार की ही उसे जरूरत है। यदि वह भी नहीं हो, तो चीन की अर्थव्यवस्था डांवाडोल नहीं हो सकती। भारत की ऐसी कोई पुख्ता औद्योगिक नीति नहीं है। आज दक्षिण पूर्व एशिया के देश अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारत सरीखे शक्तिशाली देश को पछाड़ रहे हैं। जरा प्रधानमंत्री या वाणिज्य मंत्री इन देशों का एक बार दौरा कर आएं, तो पता चल जाएगा कि व्यापार कैसे करना है? अमरीका ने हम पर 50 फीसदी टैरिफ थोप रखा है। उससे उन कंपनियों पर विपरीत असर पड़?। तय है, जिन्होंने करोड़ों का माल बना रखा है।



ललित शर्मा
संपादक

## कमलेश झा भागलपुर बिहार



## दहन रावण से हासिल क्या होगा?

कविता

दहन रावण से क्या हासिल होगा, जब तक मन का रावण जिंदा रहेगा?
पुतला जले, आतिशबाजी चले,
पर क्या लोभ‍अहंकार कभी मरेगा?

सोने की लंका में लपटें उठीं थीं,
आज भी लालच की लपटें सुलगती हैं।
झूठ, अहंकार, कपट के जंगल में,
सच्चाई की मशाल कब जलती है?

रावण तो लकड़ी‍कपड़े का पुतला,
जिसे हर साल जलाकर जताते गर्व।
पर रिश्वतखोरी, झूठ और भ्रष्टाचार,
इनके सिर रोज कहाँ जला पाते अब ?

नारी का अपमान अभी भी होता,
निर्बल की करुण क्रंदन छूतीं आसमान ।
पढ़ते तो हैं रामायण की कथा,
पर जीवन में मयार्दा झलकती कहाँ ?

सीता का सम्मान आज भी रोता,
समाचारों के काले स्याही दर्द से बिखरता जाता।
पुतला फूँक कर सब चैन से सोते,
क्या अन्याय यूँ ही मिट जाता?

राम के नाम का नारा बुलंद है, पर आचरण में राम कहाँ दिखते?
रामराज्य की बातें सब करते हैं, पर काम में रावण क्यों नहीं झलकते?

दस सिर वाले रावण को हर वर्ष जलाते,
पर लोभ‍मोह को न पाते जला ।
भीतर के राक्षस को हराना मुश्किल,
फिर इस राक्षस को जला कर क्या फायदा ।

दहन का मतलब आत्मा का शुद्धि हो,
दहन विकारों का करना जरूरी।
वरना हर दशहरे यही सवाल रहेगा
दहन रावण फिर क्या कारण मजबूरी ?

हकीकत है ये , दशहरा तमाशा,
जिसमें भीड़ हँसकर ताली बजाती।
पर असली विजय होगी उसी दिन,
जब भीतर की बुराई खुद में आग लगाती।

वरना यूँ ही सवाल गूंजेगा,
सदियों तक हर दशहरे के मेले में ।
पुतला तो जल गया रावण का,
पर हासिल आखिर क्या होगा झमेले में?

सच्चा दहन तभी सफल होगा,
जब हम खुद को बदलना सीखेंगे।
अहं को त्याग, सत्य को अपनाकर,
अपने भीतर के रावण को हराएंगे

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया । संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

## विश्व शिक्षक दिवस- 5 अक्टूबर, 2025


# शिक्षा युद्ध मानसिकता को बदलने का सशक्त माध्यम बने

विश्व शिक्षक दिवस 5 अक्टूबर को संयुक्त राष्ट्र के तत्वावधान में मनाया जाता है। इस दिन आध्यापकों को सामान्य रूप से और कतिपय कार्यरत एवं सेवानिवृत्त शिक्षकों को उनके विशेष योगदान के लिये सम्मानित किया जाता है। इसे संयुक्त राष्ट्र द्वारा साल 1966 में यूनेस्को और अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन की उस संयुक्त बैठक को याद करने के लिये मनाया जाता है, जिसमें शिक्षकों की स्थिति पर चर्चा हुई थी और इसके लिये सुझाव प्रस्तुत किये गये थे। इस दिवस को 1994 के बाद से प्रतिवर्ष लगभग 100 से अधिक देशों में मनाया जा रहा है और इस प्रकार वर्ष 2025 में यह 33वाँ विश्व शिक्षक दिवस होगा। इस साल की थीम है-ह्यशिक्षण को सहयोगी पेशे के रूप में फिर से परिभाषित करना ह्व इसका मतलब है कि पढ़ाई सिर्फ एक व्यक्ति का काम नहीं होना चाहिए। शिक्षक आपस में मिलकर अनुभव शेयर करें, नई तकनीकें अपनाएं और मिलकर शिक्षा प्रणाली को और मजबूत बनाएं। इस तरह शिक्षक न सिर्फ अपने पेशे में संतुष्ट रहेंगे, बल्कि छात्रों को भी बेहतर शिक्षा मिल सकेगी। इस साल का संदेश यही है कि शिक्षा को सुधारने के लिए शिक्षण को व्यक्तिगत प्रयास से ऊपर उठाकर साझेदारी और सहयोग का पेशा बनाना होगा। जब शिक्षक मिलकर विचार साझा करेंगे और जिम्मेदारियां बांटेंगे, तभी शिक्षा अधिक प्रभावी और प्रेरक बन पाएगी। शिक्षक सिर्फ ज्ञान देने वाले नहीं होते, बल्कि वे समाज में नवाचार, समानता और परिवर्तन के बीज बोते हैं। वे बच्चों को सपने देखने और उन्हें पूरा करने का साहस सिखाते हैं, शिक्षक ही दुनिया में शांति एवं सह-जीवन का प्रभावी सन्देश दे सकते हैं। शिक्षक को पर्याप्त सम्मान, सहयोग और अवसर मिलें तो शिक्षा के माध्यम से एक आदर्श समाज-व्यवस्था एवं शांति की विश्व-संरचना स्थापित की जा सकती है। 2025 में विश्व शिक्षक दिवस की सबसे बड़ी सभा अदीस अबाबा, इथियोपिया में आयोजित हो रही है।

विश्व शिक्षक दिवस केवल एक औपचारिकता या शिक्षकों का अभिनंदन करने का अवसर भर नहीं है, बल्कि यह अवसर है शिक्षा की दिशा और दशा को लेकर गहन चिंतन करने का। यह अवसर है यह विचारने का कि आज शिक्षा क्या दे रही है और क्या उसे देना चाहिए। यह अवसर है यह पूछने का कि आज की शिक्षा व्यवस्था केवल नौकरी, व्यवसाय और उपभोग की भूख को बढ़ाने का साधन क्यों बन गई है, क्यों उसमें जीवनमूल्य, नैतिकता, शांति, सहअस्तित्व और अहिंसा जैसे आधारभूत तत्व लुप्त होते जा रहे हैं। यदि शिक्षा का ध्येय केवल ज्ञानार्जन या रोजगार




प्राप्ति है तो वह अधूरी है। शिक्षा का परम ध्येय है-मनुष्य को मनुष्य बनाना, उसे सह-अस्तित्व, अमन और अयुद्ध की स्थितियों के प्रति उन्मुख करना। आज दुनिया भय, हिंसा, युद्ध और तनाव के घेरे में है। तकनीक और विज्ञान ने सुविधाएं दी हैं, लेकिन उसके साथ शस्त्र-प्रतिस्पर्धा, परमाणु हथियारों का अंबार, और हिंसक प्रवृत्तियां भी दी हैं। इस भयावह परिदृश्य में शिक्षा का दायित्व केवल पाठ्यपुस्तकों तक सीमित नहीं रह सकता। शिक्षा को एक आंदोलन बनना होगा, एक वैश्विक अभियान बनना होगा, जो शांति, अहिंसा और अयुद्ध की भावना को संस्कार के रूप में हर हृदय में स्थापित करे। आज की शिक्षा व्यवस्था पश्चिमी उपभोक्तावादी संस्कृति से प्रभावित होकर स्पर्धा, लाभ और अहंकार की मानसिकता पैदा कर रही है। बच्चे स्कूल और कॉलेजों में डिग्री तो प्राप्त कर रहे हैं, लेकिन उनके भीतर करुणा, दया, सत्य, मैत्री और सहयोग जैसे गुणों का विकास नहीं हो रहा। समाज का ढांचा शिक्षा से निर्मित होता है, यदि शिक्षा अधूरी है तो समाज भी अधूरा रहेगा। अतः एक ऐसी नई शिक्षा व्यवस्था की आवश्यकता



ललित गर्ग

है, जिसमें विज्ञान और तकनीक के साथ-साथ अध्यात्म और नैतिकता का संगम हो, जिसमें ह्यआत्मा की आवाजह्व सुनी जा सके, जिसमें शिक्षा केवल बुद्धि का पोषण न होकर हृदय और संवेदनशीलता का भी निर्माण करे। मानवता का सबसे बड़ा संकट युद्ध और हिंसा है। युद्ध केवल सेनाओं के बीच नहीं होता, बल्कि वह हमारे विचारों में, हमारी इच्छाओं में और हमारी संस्कृति में पलता है। शिक्षा का कार्य है इस युद्ध-मानसिकता को बदलना। शिक्षा को बच्चों और युवाओं के मन में यह स्थापित करना होगा कि शक्ति का वास्तविक स्वरूप हिंसा में नहीं, बल्कि अहिंसा में है। युद्ध में नहीं, बल्कि शांति में है। महात्मा गांधी ने कहा था-यदि हमें शांति चाहिए तो हमें बच्चों को शांति की शिक्षा देनी होगी। यह शिक्षा केवल पाठ्यक्रम का हिस्सा न होकर व्यवहार का हिस्सा बने। शिक्षक स्वयं शांति के प्रतीक हों, वे अपने आचरण और जीवन से यह संदेश दें कि संघर्ष का समाधान हथियारों से नहीं, संवाद और सहमति से होता है। शिक्षा को केवल सरकारी योजनाओं या संस्थागत ढांचे पर नहीं छोड़ देना चाहिए। इसे एक आंदोलन के रूप में चलाने की आवश्यकता है। यह आंदोलन अहिंसा का शिक्षण कराए, संवाद की संस्कृति विकसित करे, मानवता को जाति-धर्म और राष्ट्र की सीमाओं से परे प्राथमिकता दे, पर्यावरण और प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता पैदा करे और सहयोग की भावना को प्रोत्साहित करे। यह आंदोलन तभी सफल होगा जब शिक्षक अपनी भूमिका को समझेंगे और केवल ज्ञान देने वाले नहीं, बल्कि जीवन की दिशा दिखाने वाले बनेंगे। वे दीपक की तरह स्वयं जलकर दूसरों को प्रकाश दें। उनके व्यक्तित्व में सत्यनिष्ठा, ईमानदारी, करुणा और सेवा का भाव झलके। शिक्षक केवल पाठ्यक्रम न पढ़ाए, बल्कि जीवन पढ़ाए। एक विचारक ने कहा है-ह्यशिक्षक वह नहीं है जो तुम्हें तथ्यों का ज्ञान कराए, बल्कि वह है जो तुम्हें सोचने के लिए प्रेरित करे ह्व इसके लिये केवल शिक्षा-क्रांति ही नहीं, बल्कि शिक्षक-क्रांति अपेक्षित है। आज आवश्यकता है कि शिक्षक बच्चों के हृदय को छूने वाले बने, वे केवल करियर बनाने की चिंता न करें, बल्कि चरित्र बनाने का प्रयास करें। शिक्षा रोजगारपरक ही नहीं, जीवनपरक हो। यदि दुनिया में शांति चाहिए, यदि आतंकवाद, हिंसा और युद्ध को समाप्त करना है तो हमें शिक्षा की दिशा बदलनी होगी। शांति और अहिंसा के बीज बचपन में बोने होंगे। अयुद्ध की स्थितियां केवल समझौते से नहीं, बल्कि संस्कार से पैदा होती हैं। शिक्षा को संस्कार की धारा बनना होगा। नए युग की शिक्षा व्यवस्था को यह संकल्प लेना होगा कि वह ऐसे मनुष्य तैयार करेगी जो भौतिक समृद्धि में ही नहीं, आध्यात्मिक ऊंचाई में भी आगे हों। जो हथियार न बनाएँ, बल्कि हाथों में करुणा और सहयोग का दीपक थामें। जो दूसरों के शोषण पर नहीं, बल्कि साझा सुख पर विश्वास करें। विश्व शिक्षक दिवस हमें यह याद दिलाता है कि शिक्षा केवल शिक्षकों और छात्रों की बात नहीं है, यह समूची मानवता का प्रश्न है। शिक्षा को यदि हम सही दिशा देंगे तो यह दुनिया स्वर्ग बन सकती है।

यदि गलत दिशा देंगे तो यह नर्क में बदल सकती है। आज आवश्यकता है एक वैश्विक शिक्षा-आंदोलन के साथ-साथ शिक्षक-आन्दोलन की, जिसमें हर राष्ट्र, हर समाज और हर व्यक्ति की भागीदारी हो। नई शिक्षा व्यवस्था वही होगी जो युद्ध की संस्कृति को बदलकर शांति की संस्कृति स्थापित करे, हिंसा की प्रवृत्तियों को बदलकर अहिंसा की चेतना जगाए, और स्वार्थ की जगह सहयोग को जीवन का मूल मंत्र बनाए। यही शिक्षा का सच्चा उत्सव होगा, यही शिक्षक दिवस का वास्तविक संदेश।

# संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद सुधार- भारत की स्थायी सदस्यता व वीटो शक्ति-विभाजन, समर्थन और बाधाएँ-सटीक विश्लेषण



गोंदिया

साथियों बात अगर हम भारत का दृढ़ दृष्टिकोण और रणनीति की करें तो, भारत ने इस प्रस्ताव को केवल एक महत्वाकांक्षी राजनीतिक प्रस्ताव नहीं, बल्कि एक न्यायोचित, तर्कसंगत और वैध माँग के रूप में पेश किया। निम्नलिखित बिंदु उसके दृष्टिकोण और रणनीति को स्पष्ट करते हैं : (1)योग्यता एवं स्वाभाविक दावेदारी :– भारत का तर्क है कि उसने आर्थिक, वैज्ञानिक सैन्य, राजनयिक और जनसंख्या स्तर पर वह शक्ति और प्रभाव अर्जित किया है जो उसे स्थायी सदस्यता का हकदार बनाती है। इसके अलावा, भारत लगातार संयुक्त राष्ट्र की कार्रवाइयों में सक्रिय भूमिका निभाता रहा है। (2)वीटो पहल प्रस्ताव : भारत ने 2022 में वीटो पहल (वीटो इनिशिटिव) का प्रस्ताव रखा, जिसमें यह सुझाव दिया गया कि यदि कोई स्थायी सदस्य वीटो शक्ति का उपयोग करता है।




वैश्विक स्तर पर दुनियाँ में अनेकों डेवलपमेंट्स के बीच 29 सितंबर 2025 को समाप्त हुई संयुक्त राष्ट्र महासभा की एक महत्वपूर्ण वाद-विवाद सत्र में विश्व समुदाय ने सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) सुधार की दिशा में एक नए विमर्श को आगे बढ़ाया। इस सत्र में भारत की स्थायी सदस्यता और वीटो शक्ति (निरस्त्रीकरण शक्ति) देने का प्रस्ताव खासतौर पर चर्चा का केंद्र बना।

कई देशों ने इस प्रस्ताव का जोरदार स्वागत किया, जबकि कुछ प्रमुख शक्तियों ने इसके विरोध में अपनी आपत्तियाँ प्रकट कीं। भारत ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपना दृष्टिकोण दृढ़ता से प्रस्तुत किया और यह स्पष्ट किया कि यदि यह प्रस्ताव स्वीकार किया जाए, तो यह न केवल भारत की प्रतिष्ठा को बढ़ाएगा, बल्कि वैश्विक शक्ति संतुलन और विकासशील देशों की आवाज को सशक्त करेगा। पिछले कई दशकों से यूएनएससी सुधार की माँग उठ रही है, विशेष रूप से नये स्थायी सदस्यों को शामिल करना, वीटो शक्ति का दायरा बदलना या सीमित करना, और निर्णय प्रक्रिया में पारदर्शिता व जवाबदेही लाना।भारत इस सुधार आंदोलन का एक प्रमुख प्रस्तावक रहा है।भारत का तर्क रहा है कि एक बढ़ी हुई, अधिक प्रतिनिधि और न्यायसंगत परिषद ही आज की जटिल चुनौतियों (जैसे आतंकवाद, जलवायु परिवर्तन, महामारी, क्षेत्रीय संघर्ष) को अधिक प्रभावी रूप से संभाल सकती है हालाँकि, सुधार प्रक्रिया बेहद जटिल है क्योंकि चार्टर संशोधन की प्रक्रिया में न केवल महासभा बल्कि सभी पांच स्थायी सदस्यों की स्वीकृति आवश्यक होती है। इसके अतिरिक्त, कई देश नए स्थायी सदस्यों को वीटो शक्ति देने पर संकोच करते हैं, उन्हें डर रहता है कि इससे उनकी मौलिक प्रभावशीलता अथवा वैश्विक शक्ति संतुलन प्रभावित होगा। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र ऐसा मानता हूं कि इस पृष्ठभूमि में, 2025 की यूएनएससी जनरल असेंबली सत्र में भारत की स्थायी सदस्यता और वीटो शक्ति को शामिल करने की चर्चा एक ऐतिहासिक एवं निर्णायक प्रस्ताव बनकर सामने आई।बता दें कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की संरचना और उसके अभ्यस्त कार्यप्रणाली की जड़ें 1945 की यूएन चार्टर में हैं। आज यूएनएससी में पाँच (पी5) स्थायी सदस्य, चीन, फ्रांस, रूस, यूनाइटेड किंगडम और संयुक्त राज्य अमेरिका वीटो शक्ति रखते हैं, जबकि दस अन्य सदस्य गैर-स्थायी होते हैं, जिनका कार्यकाल दो वर्ष का होता है और वे वीटो शक्ति नहीं रखते। इस व्यवस्था ने दशकों तक वैश्विक शांति और सुरक्षा में भूमिका निभाई, लेकिन समय के साथ इसके प्रति आलोचनाएँ भी बढ़ीं- विशेष रूप से यह तर्क कि यह संरचना 1945 के विश्व व्यवस्था को निरंतर बनाए रखती है और आधुनिक शक्ति संतुलन, लोकतांत्रिक प्रतिनिधित्व एवं वैश्विक बहुसंख्यकता को प्रतिबिंबित नहीं करती। साथियों बात अगर हम भारत को वीटो पावर मिलने के पक्ष और विपक्ष में उठी आवाजों की करें तो समर्थन की आवाजें-(1) उभरते विश्व अर्थशक्तियों का प्रतिनिधित्वः-आज की दुनियाँ विभिन्न महाशक्तियों, आर्थिक शक्ति केन्द्रों और क्षेत्रीय समूहों (जैसे ब्रिक्स, जी20) द्वारा संचालित है। इन समूहों में भारत एक महत्त्वपूर्ण शक्ति बन चुका है। कई देशों ने स्वीकार किया है कि यूएएससी का ढांचा 1945 की स्थिति पर आधारित बनावट को प्रतिबिंबित करता है और उसमें परिवर्तन आवश्यक है। उदाहरणतः, भूटान के प्रधानमंत्री ने स्पष्ट रूप से भारत और जापान को स्थायी सदस्यता का योग्य राष्ट्र घोषित करते हुए उनकी वकालत की। (2) ब्रिक्स एवं साझी घोषणाएँः-ब्रिक्स देशों (ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका) ने संयुक्त रूप से प्रस्ताव रखा है कि यूएनएससी को व्यापक, अधिक प्रतिनिधि और समावेशी बनाना आवश्यक है। वे भारत एवं ब्राजील को स्थायी सदस्यता दिलाने की अपील करते हैं। रूस, जो स्वयं एक पी5 सदस्य है, ने भी सार्वजनिक रूप से 2025 सत्र में भारत को स्थायी सदस्यता के हकदार बताया। (3)कार्यक्षमता एवं जवाबदेही में सुधारः-नए सदस्यों के शामिल होने से परिषद की निर्णय क्षमता और वैधता बढ़ सकती है। साथ ही, कई प्रस्तावों में यह भी कहा गया कि नए सदस्यों को प्रारंभ में वीटो शक्ति स्थगित (फ्रीज) कर दी जाए-जैसे जापान की जी 4 प्रस्तावना कि नए सदस्यों के वीटो अधिकारों को 15 वर्षों के लिए स्थगित रखा जाए।(4) वैश्विक दक्षिण की आवाज को सशक्त करनाः-विकसित देशों और पश्चिमी शक्तियों के दबदबे को तोड़ने की दिशा में यह कदम एक प्रतीक हो सकता है कि विकासशील देशों की सुरक्षा, न्याय और भागीदारी की मांग गंभीरता से ली जा रही है। विरोध एवं संदेह-(1)स्थायी सदस्यों की अनिच्छा और शक्ति संतुलन का डरः-वर्तमान पी5 सदस्यों में से कुछ, विशेष रूप से चीन-वे बदलाव स्वीकार करने को तैयार नहीं हैं जो उनकी शक्ति को प्रभावित कर सकें।चीन ने भारत की यूएनएससी स्थायी सदस्यता कासमर्थन नहीं किया है।यह विरोध रणनीतिक और क्षेत्रीय प्रतिस्पर्धा के कारण भी है।(2)वीटो शक्तिदेने संबंधी संवेदनशीलता :- यदि नए स्थायी सदस्यों को वीटो शक्ति दी जाए, तो प्रश्न उठते हैं: क्या उन्हें ऐसी शक्ति देना उचित है यदि वे पहले निर्दलीय या विकासशील देश रहे हों? और यह शक्ति दुरुपयोग का खतरा भी रखती है।इस कारण कई देशों ने यह प्रस्ताव कि नए सदस्यों को तत्काल वीटो शक्ति न मिले, या सीमित अधिकार हो, को स्वीकार किया। लेकिन भारत ने यह स्पष्ट किया कि यदि सदस्यता दी जाए तो वीटो शक्ति अनिवार्य हो। (3)संशोधन प्रक्रिया की जटिलताः- यूएनएससी सुधार करने के लिए यूएन चार्टर के अनुसार संशोधन करना होगा। यह प्रक्रिया दो चरणों में होती हैः (1) महासभा में दो तिहाई अनुपालन( अप्प्रोक्स 128 सदस्य) से प्रस्ताव पारित करना, और (2) प्रत्येक सदस्य देश (उन देशों की राष्ट्रीय स्वीकृति प्रक्रिया) द्वारा अनुमोदन जिसमें सभी पाँच स्थायी सदस्यों का स्वीकृति देना अनिवार्य है। यदि कोई स्थायी सदस्य इस प्रस्ताव को स्वीकृत न करे, तो ल्ल३१ सुधार प्रक्रिया विफल हो सकती है। (4)पार्टियल समाधान का विरोधः-कुछ प्रस्ताव केवल नए सदस्यों को स्थायी सदस्यता देना चाहते हैं, पर वीटो शक्ति न देना या अस्थायी वीटो देना।

# जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति में सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न

**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**



**रामपुर।** जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह एवं पुलिस अधीक्ष विद्या सागर मिश्र की उपस्थिति में तहसील सदर के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 25 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 05 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष प्रकरणों को संबंधित विभागों को शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु प्रेषित किया गया। अधिकतर शिकायतें नगर पालिका, राजस्व, विद्युत एवं खंड विकास विभाग से संबंधित रहीं।

कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने पात्र लाभार्थी को राशन कार्ड भी वितरित किए और अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक समयबद्ध व पारदर्शी ढंग से पहुँचाया जाए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने भी पुलिस से संबंधित शिकायतों को गम्भीरता से सुना तथा संबंधित थाना प्रभारियों को आवश्यक निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का त्वरित एवं निष्पक्ष निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। इसी प्रकार तहसील मिलक में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) संदीप कुमार वर्मा की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 16 शिकायतें प्राप्त हुई और 04 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। तहसील शाहबाद में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें 15 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 02 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। तहसील स्वार में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें 14 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 02 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया।

इसके अतिरिक्त तहसील बिलासपुर में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में 23 शिकायतें प्राप्त हुई और 03 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील टाण्डा में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें 14 शिकायतें प्राप्त हुई और 03 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया।

# सरस्वती विद्या मंदिर में महिला जागरूकता कार्यक्रम व मेधावी छात्राओं की दौड़ प्रतियोगिता



**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**नूरपुर :** पुलिस अधीक्षक जनपद बिजनौर के निर्देशन में मिशन शक्ति फेज 5 के अंतर्गत मिशन शक्ति टीम द्वारा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज नूरपुर बिजनौर में छात्राओ को जागरूक किया गया व मेधावी छात्राओं की दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की गई तथा विजेताओं को पुरस्कार दिया गया। पुलिस अधिकारियों ने अपील की कि छेड़छाड़ उत्पीड़न या किसी भी साइबर अपराध की स्थिति में पीड़ित तुरंत पुलिस से संपर्क करें और बिना किसी संकोच के अपनी शिकायत दर्ज कराये। आपका नाम पते को गोपनीय रखा जाएगा। अभियान के दौरान महिला छात्राओं को साइबर सुरक्षा और नारी सुरक्षा संबंधी जागरूकता दी गई। छात्राओं को साइबर अपराध, सोशल मीडिया पर सुरक्षित रहने के उपाय, ऑनलाइन फ्रॉड फिशिंग और व्यक्तिगत डेटा की सुरक्षा के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। इसके साथ ही उन्हें साइबर धामकी या उत्पीड़न की स्थिति में शिकायत दर्ज करने और सहायता प्राप्त करने के लिए उपलब्ध हेल्पलाइन व ऑनलाइन पोर्टल्स की जानकारी दी गई। अध्यापिकाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा हेतु हेल्पलाइन नंबर 1090 वूमेन पावर लाइन, 180 महिला हेल्पलाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 102 गर्भवती महिला व नवगत शिशु एंबुलेंस सेवा, 108 सामान्य एंबुलेंस सेवा, 1098 चाइल्ड लाइन, 101 अग्नि सामान सेवा, 1930 साइबर क्राइम हेल्पलाइन योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। जनपद बिजनौर पुलिस का प्रयास है कि इस प्रकार के जन जागरूकता अभियान के माध्यम से समाज में महिला सुरक्षा आत्मबल और साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता का संदेश फैलाया जाये। इस मौके पर पुलिस क्षेत्र अधिकारी देश दीपक सिंह, थाना प्रभारी निरीक्षक जय भगवान सिंह उप निरीक्षक जूही आदि मौजूद रहे।

# राहगीरों से अभद्र टिप्पणी करने वाले शाहरुख को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया**



**रामघाट/बुलंदशहर/** जरगवां में राहगीरों से अभद्र टिप्पणी करने वाले मिशन शक्ति टीम द्वारा शाहरुख पुत्र मुस्ताक ग्राम जरगवां को गिरफ्तार कर कानूनी कार्यवाही की गई है।

आपको बता दे कि मिशन शक्ति फेज 5.0 टीम के अंतर्गत एस आई हरिशंकर आशीष कुमार महिला एसआई मोना अग्रवाल ने जरगवां से वापस रामघाट को जाते समय नगला सुमाली को जाने वाली रास्ता पर शाहरुख पुत्र मुस्ताक निवासी जरगवां आने जाने वाले राहगीरों से अभद्र टिप्पणी कर रहा था जिससे राहगीर आक्रोशित हो रहे थे पुलिस ने शाहरुख को समझने का प्रयास किया लेकिन वह नहीं माना जिसको पुलिस ने गिरफ्तार कर कानून कारवाई की गई है।

# सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**




बिजनौर जिलाधिकारी जसजीत कौर ने बताया कि तहसील दिवस व आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों की मॉनिटरिंग शासन स्तर से की जा रही है। उन्होंने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त होने वाली शिकायतों को सभी अधिकारी पूरी गंभीरता से लेते हुए ससमय उनका निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस एवं जनसुनवाई में प्राप्त होने वाली शिकायतों को पूर्ण गुणवत्ता और मानक के साथ निस्तारित करना सुनिश्चित करें और शिकायतकर्ता की संतुष्टि भी निश्चित रूप से प्राप्त कर लें, शिकायतकर्ता को संतुष्ट किये बिना शिकायत का निस्तारण स्वीकार्य नहीं होगा। उन्होंने यह भी निर्देश दिये कि यदि किसी शिकायत का निस्तारण किया जाना संभव नहीं है तो उसका स्पष्ट कारण लिखते हुए शिकायतकर्ता को अवगत कराया जाए ताकि वे अपनी शिकायत को पुनः प्रेषित न कर सकें। जिलाधिकारी श्रीमती कौर आज तहसील धामपुर में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दे रहे थे। उन्होंने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि शिकायतकर्ता द्वारा अपनी शिकायत पुनः प्रस्तुत करने का सीधा अर्थ है कि उसकी शिकायत को गंभीरतापूर्वक नहीं सुना गया या उसका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण नहीं किया गया है। उन्होंने सभी अधिकारियों को सचेत करते हुए कहा कि विभागीय जन शिकायतों का पूर्ण गुणवत्ता और मानक के अनुरूप निस्तारण करना सुनिश्चित करें और प्रयास करें कि मौके पर जा कर शिकायतकर्ता से सम्पर्क कर स्थानीय लोगों से भी वार्ता करें ताकि शिकायत की सत्यता प्रमाणित होने के साथ-साथ उसका निस्तारण भी गुणवत्तापरक होना संभव हो सके। उन्होंने स्पष्ट करते हुए कहा कि जन शिकायतों के निस्तारण के प्रति उत्तर प्रदेश सरकार अति संवेदनशील एवं गंभीर है और उच्च स्तर से शिकायतों की गुणवत्ता की सीधे जांच की जाती है, अतः सभी विभागीय अधिकारी शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें तहसील दिवस के मौके पर कुल 153 शिकायतें दर्ज की गयीं। जिन में 07 शिकायतों का मौके पर ही विभागीय अधिकारियों के माध्यम से निराकरण करा दिया गया तथा शेष के गुणवत्तापरक व समयबद्ध निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी धामपुर स्मृति मिश्रा, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 कौशलेंद्र सिंह सहित अन्य सभी विभागों के जिला स्तरीय एवं स्थानीय अधिकारी मौजूद थे।

# राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम का किया गया आयोजन



**वेलकम इंडिया**

**मुरादाबाद।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के तत्वावधान में जनपद के डी.एन. शर्मा इण्टर कॉलिज बहेड़ी ब्रह्मनान में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मेडिकल ऑफिसर डा.सविता त्यागी एवं डा.सविता राना ने कॉलिज के छात्र छात्राओं के साथ प्रश्नोत्तरी कर तंबाकू के सेवन से होने वाले स्वास्थ्य, पर्यावरण और आर्थिक नुकसान के बारे में जागरूक किया। इसके उपरान्त तंबाकू नियंत्रण पर आधारित पोस्टर, संकेत, दीवार लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी तादात में छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया । प्रतियोगिता में फैजिया को प्रथम, माहेनूर को द्वितीय, निशान्त कुमार को तृतीय एवं अदीवा नूरी को चतुर्थ स्थान प्राप्त करने पर शील्ड एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस दौरान शिक्षाविद पं.राधेश्याम शर्मा, प्रधानाचार्य दाऊद अली, सीताराम कश्यप, अवधेश कुमार, राजेंद्र सिंह, ओमपाल सिंह भोलू सिंह, शकुन्तला देवी, अध्यापकगण एवं शिक्षण कार्मिक आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# जावेद मालिक बने भारतीय किसान यूनियन भानु के जिला संगठन मंत्री

**वेलकम इंडिया : नितिन सॉन्ग**



**बिजनौर।** भारतीय किसान यूनियन भानु ने किसान हितों की लड़ाई को और मजबूत करने तथा युवा नेतृत्व को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। संगठन ने जावेद मालिक पुत्र सुल्तान अहमद, निवासी मोहल्ला इस्लाम नगर, स्योहारा, बिजनौर को जिला संगठन मंत्री के पद पर मनोनीत किया है। यह नियुक्ति भारतीय किसान यूनियन भानु के प्रदेश संगठन मंत्री कैफ मालिक द्वारा जारी एक आधिकारिक नियुक्ति प्रमाण-पत्र के माध्यम से की गई है।

इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारियों ने जावेद मालिक को शुभकामनाएं देते हुए उनसे आशा व्यक्त की है कि वे अपने क्षेत्र के किसान भाइयों की समस्याओं के निराकरण के लिए निरंतर संघर्षरत रहेंगे। उन्होंने कहा कि जावेद मालिक के प्रयासों से किसानों के मुद्दों के समाधान की दिशा में कार्य करते हुए संगठन की लोकप्रियता और प्रभाव में वृद्धि होगी। संगठन ने जावेद मालिक को उनकी नई जिम्मेदारी के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं और विश्वास जताया है कि उनकी सक्रियता और ऊर्जा से जिले में किसानों की आवाज और अधिक बुलंद होगी। भारतीय किसान यूनियन भानु का मानना है कि सम्पूर्ण भारत में किसानों के हक की लड़ाई में युवाओं की सक्रिय भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। जावेद मालिक की यह नियुक्ति संगठन की इसी रणनीति और विजन को आगे बढ़ाते हुए एक सार्थक पहल है।

# स्योहारा सीएचसी पर दस्तक अभियान एवं विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के लिए आशाओं व संगिनी को दिया गया प्रशिक्षण



**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

जनपद बिजनौर के स्योहारा उत्तर प्रदेश शासन के निदेर्शानुसार 5 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2025 तक संचालित विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं 11 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक चलने वाले विशेष दस्तक अभियान के लिए आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (उल्ळउ) स्योहारा में आशा एवं संगिनी कार्यकताओं को प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता अधीक्षक डॉ. बी. के. स्नेही द्वारा की गई। अभियान का उद्देश्य और कार्ययोजना डॉ. बी.के. स्नेही ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य मच्छर जनित, वेक्टर जनित और जल जनित रोगों की रोकथाम करना है। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि आशा व आंगनवाड़ी कार्यकर्ता गांव में घर-घर जाकर सर्वेक्षण करेंगी, जिसमें निम्नलिखित कार्य शामिल रहेंगे बुखार, इन्फ्लुएंजा, सर्दी-जुकाम, कुपोषण, टीबी, कालाजार, कुष्ठ रोगियों की पहचान व लाइन लिस्टिंग पोर्टल पर फीडिंग व आभा कऊ निर्माण ओआरएस और जिंक किटों का घर-घर वितरण साफ-सफाई, हाथ धोने व उल्टी-दस्त से बचाव की जानकारी देना ग्राम प्रधान से समन्वय कर गांव व मोहल्लों में सफाई, फॉगिंग, एंटी-लार्वा छिड़काव करानाअन्य विभागों से सहयोग की अपील डॉ. स्नेही ने निर्देश दिए कि यह अभियान अंतरविभागीय समन्वय से चलेगा। नगर क्षेत्र में मोहल्ला निगरानी समिति के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया जाएगा, जिसमें विशेष रूप से ध्यान दिया जाएगा।

# अपनी 3.5 वर्षीय बच्ची की हत्या करने वाली मां व उसका प्रेमी गिरफ्तार



**वेलकम इंडिया**

बुलंदशहर दिनांक 01.10.2025 को वादिया सीमा उर्फ लाली पत्नी राकेश कुमार निवासी गढीवाली कस्बा व थाना अहमदगढ जनपद बुलंदशहर ने थाना नरौरा पर तहरीर दी कि ललतेश व अन्य लोगो द्वारा मिलकर दिनांक 30.09.2025 को उसकी पुत्री दिव्यांशी उम्र करीब 3.5 वर्ष को हत्या करने के इरादे से अपहरण कर ले गये है। इस सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना नरौरा पर मुअसं-240/25 धारा 140(2)/61(2) बीएनएस किया गया। उक्त घटना के क्रम में थाना नरौरा पुलिस द्वारा जांच/विवेचनात्मक कार्यवाही के दौरान मुकदमा उपरोक्त में अभियुक्त यतेन्द्र उर्फ पिच्चू को छोडकर अन्य नामजद अभियुक्तों की नामजदगी गलत पायी गयी। बच्ची की मां सीमा उर्फ लाली व उसका प्रेमी यतेन्द्र उर्फ पिच्चू द्वारा बच्ची की हत्या करना प्रकाश में आया। थाना नरौरा पुलिस द्वारा शनिवार को घटना के प्रकाश में दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों की गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना नरौरा पर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।

# पंजाब के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लिए सहायतार्थ लगभग ढाई करोड़ रुपए की नकद धनराशि के साथ राहत सामग्री वाहनों को किया गया रवाना

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



बिजनौर जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा आज कलेक्ट्रेट परिसर एवं नुमाइश ग्राउंड चौराहे से अफजलगढ़ क्षेत्र के स्वयंसेवकों द्वारा एकत्र पंजाब के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लिए सहायता उपलब्ध कराने के लिए लगभग ढाई करोड रुपए की नकद धनराशि के साथ राहत सेवा सामग्री वाहनों को रवाना किया गया जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने कहा कि इस कठिन समय में हमारी संवेदनाएं पीड़ितों साथ हैं। प्राकृतिक आपदाएं हमारे नियंत्रण से बाहर होती हैं, लेकिन हमारा साथ और सहयोग हमेशा आपके लिए है। इस विपरीत परिस्थिति में भी हम सब साथ हैं। धैर्य और सामूहिक प्रयास से हम इस चुनौती का सामना करेंगे और पुनः समृद्धि की ओर बढ़ेंगे। प्राकृतिक आपदाओं से पीड़ित लोगों की निस्वार्थ सहायता करना मानवीय मूल्यों को बलवती बनाता है। उन्होंने राहत कार्यों के अंतर्गत स्थानीय समुदाय और सामाजिक संगठनों के सहयोग से जमा नकद लगभग 2.5 करोड़ रुपए की धनराशि तथा दवाइयों आदि पर आधारित राहत सामग्री भेजने के कार्य की सराहना की इस अवसर पर भाई धर्म सिंह वंशज, बाबा गुरप्रीत सिंह हस्तिनापुर, मलकीत सिंह अध्यक्ष अफजलगढ़ गन्ना समिति सुरेंद्र सिंह प्रधान सुखदेव सिंह हरप्रीत सिंह गुरमुख सिंह, बाबा गुरप्रीत सिंह, गुलजार सिंह, अजमेर सिंह, गुरविंदर सिंह पूर्व चेयरमैन, भजन सिंह, बलवंत कंबोज आदि उपस्थित थे।

# जो अनपढ़ हैं उन्हें पढ़ायें, जो चुप हैं उनको वाणी दें

**वेलकम इंडिया**




**डिबाई।** राष्ट्र भक्ति गीतों के गायन की श्रृंखला ''राष्ट्रीय महासमूहगान'' का आयोजन राष्ट्रीय सामाजिक संस्था भारत विकास परिषद प्रतिवर्ष देश के विभिन्न स्कूल कॉलेजों में आयोजित करती है। इसी क्रम में स्थानीय भारत विकास परिषद डिबाई शाखा द्वारा अपने द्वितीय महासमूहगान कार्यक्रम का आयोजन जनता इंटर कॉलेज धरमपुर में किया। ''जो अनपढ़ हैं उन्हें पढ़ायें, जो चुप हैं उनको वाणी दें। पिछड़ गये जो उन्हें बढ़ायें, प्यासी धरती को पानी दें।'' सरीखे प्रेरणाप्रद गीत के सामूहिक गायन में विद्यालय के 800 से अधिक छात्र छात्राओं ने सहभागिता करते हुए सामूहिक गायन किया। छात्र-छात्राओं के मन में देश प्रेम की भावना और परोपकार के विचारों के अंकुरण के उद्देश्य से भारत विकास परिषद महासमूहगान का आयोजन उन सभी विद्यालयों में करती है जहां छात्र संख्या 500 से अधिक हो। कार्यक्रम के आरंभ में कॉलेज के प्रधानाचार्य बी पी राजपूत ने भाविप के सदस्यों का कॉलेज में कार्यक्रम आयोजित करने हेतु आभार व्यक्त करते हुए अभिनंदन किया। गुरु सम्मान की परंपरा का निर्वहन करते हुए भारत विकास परिषद के प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य पी पी सिंह और गिरीश गुप्ता तथा शाखा कोषाध्यक्ष नौरंगी लाल ने प्रधानाचार्य बी पी राजपूत को उनके कार्यकाल में विद्यालय में किए गए शिक्षण और भवन नवप्रवर्तन के लिए शिक्षक गौरव सम्मान से सम्मानित करते हुए उन्हें अंग वस्त्र और स्मृति चिन्ह भेंट किया। कक्षा 12 की छात्र कुमारी चांदनी राजपूत ने कविता के माध्यम से पधारे हुए अतिथियों का स्वागत किया।

# ऐतिहासिक भरत मिलाप कार्यक्रम एसपी के साथ जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

**विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया**



**प्रतापगढ।** जनपद का सुप्रसिद्ध व ऐतिहासिक भरत मिलाप कार्यक्रम को दृष्टिगत रखते हुए जनपद प्रतापगढ़ में सुरक्षा व्यवस्था एवं यातायात प्रबंधन को और सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी प्रतापगढ़ श्री शिव सहाय अवस्थी एवं पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ श्री दीपक भूकर द्वारा आज थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत भरत चौक का स्थलीय निरीक्षण किया ।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने मौके पर तैनात राजपत्रित अधिकारीगण एवं पुलिस बल से भेंट कर सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी प्राप्त की तथा उन्हें शांति व्यवस्था बनाए रखने, भीड़ नियंत्रण, यातायात सुगम बनाने, संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त सतर्कता बरतने और किसी भी अप्रिय स्थिति पर तत्परता से कार्रवाई करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिले के दोनो आला अधिकारियो ने आयोजन स्थल पर आने-जाने वाले मार्गों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए, यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने हेतु ट्रैफिक पुलिस द्वारा पूर्व निर्धारित योजना के अनुसार मार्गों का डायवर्जन एवं बैरिकेडिंग की जाए।साथ ही भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में विशेष सतर्कता एवं सक्रिय निगरानी रखने के लिए सीसीटीवी कैमरा, पेट्रोलिंग पार्टी और फुट पेट्रोलिंग को सक्रिय रखा जाए।

पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ ने अधिकारियों से कहा कि सभी पुलिस कर्मी अपने-अपने डियूटी प्वाइंट पर पूरी जिम्मेदारी एवं सतर्कता के साथ डटे रहें, ताकि आयोजन के दौरान शांति, सौहार्द एवं कानून व्यवस्था हर स्तर पर बनाए रखी जा सके।

प्रतापगढ़ पुलिस प्रशासन आगामी त्यौहारों एवं आयोजनों को देखते हुए जनपदवासियों को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और व्यवस्थित माहौल उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## दुकान में घुसकर मारपीट का आरोप

**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर।** शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के जोगीबारी गांव के एक दुकान में घुसकर तीन लोगों ने दुकानदार के साथ मारपीट की। शनिवार को दुकानदार के भतीजे नीरज सिंह ने थाना शोहरतगढ़ में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।शिकायत में नीरज सिंह ने बताया कि शुक्रवार शाम को पुरानी रंजिश को लेकर गांव निवासी सौरभ उर्फ अंकित सिंह, ज्ञान बहादुर सिंह व सरिता सिंह ने मेरे चाचा हरिकेश सिंह के दुकान के अंदर घुसकर गाली देने लगे और बेल्ट से चाचा के आंख पर प्रहार कर उन्हें दुकान के अंदर से खींचकर बाहर सड़क पर लाकर जान से मारने की उद्देश्य से ईट से सिर पर प्रहार किया गया। जिससे उन्हें गंभीर चोट लगी है और वह घायल हो गए है। उनका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है।

# सोनू की हत्या की घटना में शामिल पत्नी व ससुर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**



**हापुड़।** थाना हाफिजपुर क्षेत्र के गांव इमटोरी निवासी सोनू और उसकी पत्नी संतोष के बीच 1 अक्टूबर को मामूली कहासुनी को लेकर हुए विवाद के बाद जिंदगी भर साथ निभाने वाली जनपद बुलंदशहर निवासी पत्नी संतोष ने अपने मायके फोन कर दिया ससुराल पक्ष के साले ससुर साडू सहित कई लोग गांव इमटोरी पहुंच गए और सोनू के साथ बीच सड़क पर दौड़ा-दौड़ा कर मारपीट शुरू कर दी और उसके बाद मृतक सोनू ने मौत से पहले ई-रिक्शा में जिंदगी और मौत के बीच चल रही आखिरी सांसों के दौरान ससुराल पक्ष के कई लोगों पर मारपीट कर पानी में जहरीला पदार्थ पिलाने की वायरल वीडियो में बात कही थी।

इसके बाद सोनू की मौत हो गई और मृतक सोनू की पत्नी व मारपीट करने वाले ससुराल पक्ष के सभी लोग मौके से भाग निकले थे इसके बाद परिवार के लोगों ने सोनू की मौत का जिम्मेदार ससुराल पक्ष के पत्नी सहित कई लोगों को ठहराया था और थाने में लिखित तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी जिसमें हाफिजपुर पुलिस ने फरार चल रहे ससुर टेकचंद पुत्र सुखराम निवासी गांव मांचीपुर थाना खुर्जा देहात जनपद बुलंदशहर तथा संतोष पुत्री टेकचंद पत्नी स्व० सोनू कुमार निवासी गांव कांचीपुर थाना थाना खुर्जा देहात जनपद बुलंदशहर को रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार कर जेल भेजा दिया और पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि सोनू के साथ मारपीट कर हत्या में शामिल अन्य आरोपीयों की तलाश कर दबिश दी जा रही है।

# दर्जी, नाई, कुम्हार, लोहार, हल्वाई, राजमिस्त्री व बढई के लाभार्थी समिति द्वारा होंगे चयनित

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**

**हापुड़।** जनपद में जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र विभाग हापुड द्वारा सूचित करते हुए जानकारी दी है कि विश्वकर्मा श्रमसम्मान योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र, हापुड़ कार्यालय में ऑन-लाईन प्राप्त विभिन्न ट्रेडों में भरे आवेदनों जैसे- दर्जी, नाई, कुम्हार, लोहार, हल्वाई, राजमिस्त्री व बढई के लाभार्थियों का चयन, दिनांक 8,9 एवं 10 अक्टूबर को को प्रातः 11.00 बजे से 4.00 बजे के मध्य कक्ष संख्या- 124, विकास भवन हापुड़ में चयन समिति द्वारा किया जायेगा। सभी आवेदकों से अनुरोध है किया है कि हापुड़ में अपने आवेदन पत्र, आधार कार्ड, बैंक पासबुक सहित विकास भवन हापुड़ में उपस्थित होना सुनिश्चित करें और वे आवेदक जो पूर्व साक्षात्कार में सम्मिलित नहीं हो पाये है उन आवेदनकों का साक्षात्कार भी उक्त निर्धारित दिवसों में किया जायेगा।

## चिकित्सक पर छेड़छाड़ कर जान से मारने की धमकी देने का आरोप

**मथुरा/कोसीकलां।** समीपवर्ती गांव निवासी एक महिला ने गांव के ही एक झोलाझाप चिकित्सक पर छेडछाड करने एवं विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते थाना कोसीकलां में नामजद मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस पडताल कर रही है। थानाक्षेत्र की चौकी शाहपुर निवासी महिला अंजलि का आरोप है कि गत गुरूवार की दोपहर करीब 11 बजे वह अपनी जेठानी किशनवती के साथ बस स्टैण्ड पर बंगाली क्लीनिक पर बुखार की दवा लेने गयी थी। आरोप है कि क्लीनिक मे मौजूद झोलाछाप चिकित्सक इंजेक्शन लगाने के बहाने पर्दा डालकर महिला से छेडखानी करने लगा। महिला के विरोध करने पर चिकित्सक ने जान से मारने की धमकी दी। देर सांय जब महिला का पति भीकम सिह काम कर वापस घर लौटा तो महिला ने अपने साथ हुई घटना के बारे में बताया। शुक्रवार की दोपहर वह पीडिता को लेकर थाना कोसी पहुंचा और आरोपी चिकित्सक के खिलाफ तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक अजय कौशल ने बताया कि तहरीर के आधार पर नामजद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पीडिता का चिकित्सकीय परीक्षण कराने के बाद कार्यवाही अमल में लायी जाएगी।

## अवैध देशी शराब बेच रहे अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह**



**वाराणसी।** पुलिस आयुक्त कमिश्नेरट वाराणसी द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने के क्रम में पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन व सहायक पुलिस आयुक्त सर्किल कैण्ट कमिशनरेट वाराणसी के पर्यवेक्षण मे अपराधियों के विरुद्ध जीरो टालरेन्स की नीति के परिप्रेक्ष्य में प्रभारी निरीक्षक कैण्ट की टीम द्वारा आपरेशन चक्रव्यूह के तहत चेकिंग में अवैध देशी शराब बेच रहे अभियुक्त को मय 21 अदद विन्डिज लाइम 200 मिली देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम कुन्दन उर्फ गोलू पटेल पुत्र स्व0 नेमचन्द पटेल निवासी एस एच 26/24 ए गौतम बिहार कालोनी लेन नंबर दो थाना शिवपुर जनपद वाराणसी उम्र करीब 30 वर्ष है अभियुक्त कों महावीर मंदिर के पास अर्दली बाजार से गिरफ्तारी किया गया है। पुलिस ने अभियुक्त के पास से 21 अदद विन्डिज लाइम 200 मिली देशी शराब और जमा तलाशी से प्राप्त कुल 240 रुपए चिटबंदी बरामद किया। मु0अ0सं0-0561/2025 धारा 60 आबकारी अधिनियम थाना कैण्ट कमि0 वाराणसी । गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक आशुतोष त्रिपाठी चौकी प्रभारी अर्दली बाजार थाना कैण्ट, हे0का0 ग्यासुद्दीन, का0 अतुल कुमार पाण्डेय सहित कैंट थाना की पुलिस टीम शामिल रहीं।

## मांकडी में बुखार से एक और मौत

**बुगरासी।** क्षेत्र के गांव मांकडी में बुखार के चलते आशा पत्नी कृष्ण शर्मा की मौत हो गई। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। परिजनों ने बताया कि मृतक आशा का जेठ शिवोतार शर्मा भी बुखार से ही पीड़ित हैं।और स्याना के प्राईवेट अस्पताल में भर्ती है। जहां उसका इलाज चल रहा हैं। आशा शर्मा को भी स्याना के प्राईवेट अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया था। जहां उसको अस्पताल से घर लाते समय रास्ते में मौत हो गई। समाचार लिखे जाने तक शव को गांव नही लाया गया था। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हैं। घटना से गांव में शोक व्याप्त है।

### युवा कल्याण विभाग द्वारा मिशन शक्ति के तहत

# बरसाती मेमोरियल पब्लिक स्कूल के छात्राओं को किया जागरूक

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**



**जोगिया/सिद्धार्थनगर।** जोगिया क्षेत्र के स्व बरसाती मेमोरियल पब्लिक स्कूल बंगरा मे युवा कल्याण विभाग द्वारा जिला युवा कल्याण अधिकारी विनय प्रताप राव के तत्वाधान मे जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी जोगिया लक्ष्मी वर्मा द्वारा मिशन शक्ति के उद्देश्य सरकार द्वारा चलाये जा रहे अभियान को बृहद रूप से चर्चा करते हुए खासकर महिला सुरक्षा व आत्म रक्षा के गुण बताएँ गए।

वर्मा द्वारा घरेलू हिंसा, महिला हेल्पलाइन लाइन सहित निःशुल्क डायल नंबरो के बारे बताया गया जिसमे 1098, 1090, 112, 101,1076, 108,102 आदि की जानकारी अलग -अलग नंबरो को समय समय पर उपयोग करने हेतु प्रेरित किया गया।छात्रा अंजनी ने बच्चो को जागरूक करते हुए मोबाइल फोन का उपयोग कब और कैसे किया जाय और स्कूल से जाने के बाद अगल बगल मे सिलाई कढ़ाई सिखने के लिए प्रेरित किया गया जिससे बच्चो हुनर पैदा हो !

पी आर डी ब्लॉक कमांडर रविन्द्र कुमार द्वारा छात्राओं को प्रेरित करते हुए समय प्रबंधन तकनीकी जानकारी आपदा से जुडी जानकारी आपदा के प्रकार जोखिम को कम करने को लेकर जानकारी दी गयी।

## अर्पिता गोस्वामी समेत चार ने जमाया स्वर्ण पर कब्जा



**वाराणसी।** स्काई छत्रपति शिवाजी नेशनल कराटे चैंपियनशिप 2025 में अर्पिता गोस्वामी ने स्वर्ण पदक जीतकर वाराणसी का नाम रोशन किया दिनांक 28 सितंबर को एसएसपी सपोर्ट कंपलेक्स छत्रपति चौक डुमरी वाली महाराष्ट्र में आयोजित हुई प्रतियोगिता में 24 राज्यों के खिलाड़ियों ने भाग लियो वाराणसी से अर्पिता गोस्वामी स्वर्ण पदक जीतकर अपने परिवार का मान बढ़ाया यह जानकारी इनके पिता अमित गोस्वामी ने दिया।

## राजस्व उपनिरीक्षक की अचानक तबीयत बिगड़ने से हुई मौत

**वेलकम इंडिया**



**बागेश्वर।** काफलीगैर तहसील के राजस्व क्षेत्र असौ में तैनात राजस्व उपनिरीक्षक की अचानक देर शाम तबियत बिगड़ गई।जिसके बाद आसपास मौजूद अन्य साथी उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल लाए।जहां अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

मामले की सूचना मिलते ही जिला अस्पताल में परिजनों और राजस्व विभाग से जुड़े अधिकारी कर्मियों का तांता लग गया।शनिवार को अपनी राजस्व चौकी कार्यालय के समीप ड्यूटी के दौरान अचानक उनकी तबियत बिगड़ गई थी।तभी आसपास मौजूद लोगों ने उन्हें इलाज के लिए आनन फानन में राजस्व विभाग के कर्मियों द्वारा जिला अस्पताल लाया गया।जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।मामले की सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई। प्राप्त जानकारी के आधार पर राजस्व उपनिरीक्षक मृतक किशोर कांडपाल काफलीगैर तहसील असौ राजस्व क्षेत्र में तैनात थे।वे बेहद सरल स्वभाव के माने जाते थे।अचानक स्वास्थ बिगड़ने से अस्पताल ले जाते समय उनका आकस्मिक निधन हो गया। सूचना मिलते ही उपजिलाधिकारी प्रियंका रानी और तहसीलदार दलीप सिंह और अन्य राजस्व विभाग के कर्मी भी जिला अस्पताल पहुंचे। वही राजस्व विभाग के अधिकारी कर्मियों ने राजस्व उपनिरीक्षक की असामयिक मौत के बाद शोक व्यक्त करते हुए मृतक के परिजनों को सांत्वना देते हुए परिवार जनों को हरसंभव मदद करने का भरोसा दिया।

## सड़क, बिजली, पानी, रोजगार आदि हर क्षेत्र में हमने जनता के लिए किया है काम : उग्रसेन सिंह



**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**

**चिल्हियां/सिद्धार्थनगर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार पूर्व प्रत्याशी उग्रसेन सिंह द्वारा शनिवार को शोहरतगढ़ विधानसभा के ग्राम पंचायत परासपिण्डा में पीडीए जन चौपाल का आयोजन किया गया। उग्रसेन सिंह ने कहा कि यह कार्यक्रम 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने और अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने के संकल्प के साथ अनवरत जारी रहेगा। उन्होंने कहा ₹समाजवादी पार्टी ने हमेशा जनहित के विकास कार्यों को सर्वोपरि रखा है। सड़क, बिजली, पानी, रोजगार आदि हर क्षेत्र में हमने जनता के लिए काम किया है और आगे भी करते रहेंगे।₹ ₹समाजवादी पार्टी के साथ मिलकर एक ऐसे उत्तर प्रदेश का निर्माण करें जहां शिक्षा और स्वास्थ्य सभी के लिए सुलभ हो और विकास का लाभ हर नागरिक तक पहुंचे।₹ वहीं कार्यक्रम के अध्यक्षता सुनिल यादव जी ने किया। इस अवसर पर भारी संख्या में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी लोग मौजूद रहें।

## तहसील डिबाई में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित

**बुलंदशहर।** तहसील डिबाई में शनिवार को जिलाधिकारी श्रुति की अध्यक्षता में तहसील डिबाई में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। कुल 59 फरियादियों ने अपनी समस्याएं प्रस्तुत कीं। जिनमें से 6 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों को संबंधित विभागों को भेजते हुए गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए गए।

एसएसपी दिनेश कुमार सिंह ने पुलिस से जुड़ी शिकायतों को सुना और आवश्यक निर्देश दिए।

समाधान दिवस में सीएमओ डॉ. सुनील दोहरे, उप जिलाधिकारी मनीष कुमार, सीओ सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्राथमिक विद्यालय बलरामपुर में मनाया गया वन्य जीव सप्ताह




**मथुरा/बलदेव।** विकास खंड बलदेव के प्राथमिक विद्यालय बलरामपुर में वन्य जीव संरक्षण सप्ताह के अंतर्गत छात्रों को वन्य जीवों की महत्ता और उनके संरक्षण का संदेश दिया गया।

इस अवसर पर क्षेत्रीय वन अधिकारी रवि कुमार ने छात्रों एवं ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि वन्य जीव केवल जंगलों की शोभा नहीं, बल्कि हमारी अनमोल प्राकृतिक धरोहर हैं। जिनकी रक्षा करना समाज के हर वर्ग का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि वन्य जीव पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने की महत्वपूर्ण कड़ी हैं, इनकी रक्षा करना केवल वन विभाग का नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का साझा दायित्व है।

वन दरोगा पुनीत शुक्ला ने सभी छात्रों तथा ग्रामवासियों को वन्य जीव संरक्षण की शपथ दिलाई और बताया कि भारत में जीव-जंतुओं के संरक्षण के उद्देश्य से हर साल 2 से 8 अक्टूबर तक पूरे देश में वन्यजीव सप्ताह मनाया जाता है। उन्होंने वन पुलिस की भूमिका, दायित्व और वनों के लाभों से छात्रों को अवगत कराया।

विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ जगदीश ने कहा कि वन्यजीव हमारी आस्था, संस्कृति और परंपरा का अभिन्न अंग हैं, क्योंकि हमारे देवी - देवताओं ने भी इनके साथ सह-अस्तित्व का संदेश दिया है। यही कारण है कि आदिकाल से वन्यजीवों का संरक्षण भारत की जीवन पद्धति का स्वाभाविक हिस्सा रहा है। कार्यक्रम के अंत में प्रश्न मंच का आयोजन किया गया, जिसमें विजेता छात्रों को उपहार देकर वनों के संरक्षण के लिए प्रेरित किया गया।

# देव नन्दिनी कॉलेज ऑफ नर्सिंग में नव-प्रवेशित छात्र-छात्राओं का स्वागत कर कराया परिचित

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**



**हापुड़।** जनपद हापुड़ के देव नन्दिनी कॉलेज ऑफ नर्सिंग, बनखंडा कुचेसर-स्याना रोड हापुड़ में नव-प्रवेशित नर्सिंग छात्र-छात्राओं का स्वागत करने के लिए ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नर्सिंग छात्र-छात्राओं को संस्थान के नियमो, सुविधाओं, शैक्षिक वातावरण एवं अवसरो से परिचित कराना था। जिसमें मुख्य अतिथि डॉ० रेखा शर्मा एवं विशिष्ट-जन डॉ० अशोक मैत्रेय, संतोष कुमार, सेवाराम एवं अरविन्द चौधरी का कॉलेज के डायरेक्टर डॉ० श्याम कुमार एवं मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ० विमलेश शर्मा एवं डा० गोविन्द सिंह द्वारा स्वागत किया गया। जिनके द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर माँ सरस्वती का वंदना की गई। कॉलेज के चेयरमैन डॉ. श्याम कुमार द्वारा उपस्थित जन का स्वागत किया गया तथा विशिष्ट अतिथियो एवं संकाय सदस्यों दारा प्रेरणादायी संबोधन किया गया।

कॉलेज की मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ० विमलेश शर्मा द्वारा छात्रो की हौसला-अफजाई की गई तथा अवगत कराया कि कॉलेज में उच्च स्तर की पैरा-मेडिकल पढ़ाई के साथ-साथ विदेशी भाषा का भी ज्ञान कराया जाएगा ताकि कॉलेज के नर्सिंग छात्र-छात्राओं को विदेश में भी अच्छे अवसर प्राप्त हों कॉलेज की प्रिंसिपल शायनी द्वारा नव-निर्मित कॉलेज में उपलब्ध सुविधाओं व संस्थान की कार्य-प्रणाली से परिचय कराया एवं छात्रो को आचार-संहिता और शैक्षिक नीतियों की जानकारी प्रदान की गई। नर्सिंग छात्र-छात्राओं का अध्ययन के साथ-साथ उनका व्यहारिक प्रशिक्षण देव नन्दिनी अस्पताल, हापुड़ में कराया जाएगा।

ओरिएंटेशन प्रोग्राम में नर्सिंग छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया जिससे विद्यार्थियों में आत्म-विश्वास व सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित हुआ। यह ओरिएंटेशन प्रोग्राम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। ओरिएंटेशन प्रोग्राम असिस्टेंट प्रोफ़ेसर मौहम्मद दानिश, प्रियंका सैनी एवं शाहरुना द्वारा मंच संचालन किया गया तथा कॉलेज फैकल्टी के अलावा सर्वश्री सुधीर सागर, रजनीश, दीप्ति मलिक, दीपक त्यागी, संजय त्यागी, दीपक चौधरी एवं दुष्यंत त्यागी आदि उपस्थित रहे।

■ कॉलेज में उच्च स्तर की पैरा-मेडिकल पढ़ाई के साथ-साथ विदेशी भाषा का भी ज्ञान कराया जाएगा :डॉ विमलेश शर्मा

# मौलाना तौकीर रजा के राइट हैंड डॉ. नफीस के बारातघर पर चला बुलडोजर, सैलानी में भी ध्वस्त की गई मार्केट

**वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता**





**बरेली।** शहर में हुए बवाल के आरोपियों पर अब प्रशासन ने लोहे की मुट्ठी से वार करना शुरू कर दिया है।ऑपरेशन तौकीर के तहत शनिवार को बरेली प्रशासन, पुलिस और बरेली विकास प्राधिकरण की संयुक्त टीम ने मौलाना तौकीर रजा खां के सबसे करीबी और राइट हैंड माने जाने वाले आईएमसी के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. नफीस खां और उनके साझेदार शोएब बेग की अवैध इमारत रजा पैलेस पर बुलडोजर चला दिया।

आपको बता दें कि जिले में शनिवार सुबह होते ही प्रशासनिक हलचल बढ़ गई थी। डीएम अविनाश सिंह के निर्देश पर पुलिस, बीडीए और प्रशासन की टीमें सुबह होते ही मौके पर पहुँचीं। सबसे पहले इलाके की बिजली सप्लाई काटी गई, ताकि कार्रवाई के दौरान किसी भी अप्रिय स्थिति से बचा जा सके। एसपी सिटी मानुष पारीक के नेतृत्व में भारी पुलिस बल और पीएसी के जवानों ने पूरे इलाके की नाकाबंदी कर दी। दोपहर तक तीन बुलडोजरों का काफिला रजा पैलेस पहुँचा और मुख्य गेट तोड़कर ध्वस्तीकरण शुरू हुआ। आसपास के इलाकों में लोगों की भीड़ जुट गई, लेकिन पुलिस ने किसी को पास नहीं आने दिया।

बीडीए की टीम ने अवैध हिस्से को गिराने में तीन घंटे का समय लिया, जिसके बाद पूरे परिसर को सील कर दिया गया। कार्रवाई के दौरान बीडीए और प्रशासनिक अफसरों की नजर रजा पैलेस की दीवार पर लगी नेम प्लेट पर पड़ी तो तो सभी हैरान रह गए। नेम प्लेट पर ह्यमुतवल्ली शोएब बेग पुत्र स्वर्गीय अथहर बेग (पूर्व पीसीएस अधिकारी) लिखा हुआ था। नाम देखकर अधिकारियों ने तुरंत दस्तावेजों की जाँच कराई। बताया गया कि बरातघर का स्वामित्व और उपयोग विवादित स्थिति में है। बीडीए उपाध्यक्ष मणिकंदन ए. ने स्पष्ट कहा कि इमारत के निर्माण में नियमों का उल्लंघन हुआ था। यह कार्रवाई कानूनी प्रक्रिया के तहत की गई है, किसी व्यक्ति विशेष को निशाना नहीं बनाया गया। डॉ. नफीस और उनके बेटे को बरेली बवाल के बाद पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इज्जतनगर थाना क्षेत्र स्थित उनकी मार्केट पहले ही सील की जा चुकी है। अब प्रशासन ने उनके बारातघर रजा पैलेस को भी ध्वस्त कर दिया। डॉ. नफीस और उनके साथियों की कई और संपत्तियों की जांच चल रही है, जिन पर अवैध निर्माण का संदेह है। शनिवार को ही नगर निगम की टीम ने सैलानी क्षेत्र में अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया। नगर आयुक्त संजीव मौर्य की मौजूदगी में निगम की टीम ने दुकानों और मकानों के बाहर किए गए अवैध निमार्णों को तोड़ा। पूरे अभियान के दौरान पुलिस बल और नगर निगम के अधिकारी मौके पर तैनात रहे। हालांकि नगर निगम ने स्पष्ट किया कि यह कार्रवाई बवाल से संबंधित नहीं है, बल्कि नियमित अतिक्रमण हटाओ अभियान का हिस्सा है। डीएम अविनाश सिंह ने कहा कि जिन लोगों ने बरेली की शांति भंग की, उन्हें अब कानून का सामना करना होगा। बरेली में अवैध संपत्तियों और अवैध कब्जों पर लगातार कार्रवाई होगी। किसी उपद्रवी या उसके सहयोगी को किसी तरह की राहत नहीं दी जाएगी। 26 सितंबर को जुमा नमाज के बाद हुए उपद्रव में मौलाना तौकीर रजा, डॉ. नफीस खां, नदीम खां सहित कई लोगों को जेल भेजा गया था।

# बरेली उपद्रव पर सियासी टकरावः सपा नेता नजरबंद, सड़क से सियासत तक हड़कंप

**वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता**



**बरेली।** 26 सितंबर को जुमे की नमाज के बाद हुए उपद्रव की कार्रवाई को लेकर समाजवादी पार्टी ने बड़ा आरोप लगाया है। सपा का कहना है कि पुलिस बेगुनाहों और नाबालिगों को परेशान कर रही है। इसी मुद्दे पर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर बनी 14 सदस्यीय टीम शनिवार को कमिश्नर भूपेंद्र एस. चौधरी और डीआईजी अजय कुमार साहनी से मिलने जा रही थी। लेकिन उससे पहले ही पुलिस ने सभी नेताओं को हाउस अरेस्ट कर लिया।

टीम की अगुवाई नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडे कर रहे थे। इसमें सांसद हरेंद्र मलिक (मुजफ्फरनगर), सांसद इकरा हसन (कैराना), सांसद जिया उर रहमान बर्क (संभल), सांसद नीरज मौर्य (आंवला), विधायक अताउर रहमान (बहेड़ी), विधायक शहजील इस्लाम (भोजीपुरा), पूर्व सांसद वीरपाल यादव, पूर्व मंत्री भगवत शरण गंगवार समेत कुल 14 सदस्य शामिल थे। सभी को पुलिस ने उनके आवासों पर ही नजरबंद कर दिया। पुलिस ने सपा महानगर अध्यक्ष शमीम खां सुल्तानी को उनके आवास किला क्षेत्र में ही समर्थकों समेत हाउस अरेस्ट कर दिया। उनके साथ हरीओम, राजेश मौर्या, जमील अहमद, नाजिम कुरैशी, मोहम्मद फैजान, दीपक शर्मा और पार्षद आरिफ कुरैशी भी नजरबंद किए गए हैं। इसी तरह सपा जिलाध्यक्ष शिवचरण कश्यप को भी समर्थकों समेत उनके घर पर ही रोक दिया गया। घरों के आसपास भारी पुलिस फोर्स तैनात है और अधिकारी लगातार फील्ड से पल-पल की रिपोर्ट ले रहे हैं।

सपा महानगर अध्यक्ष शमीम खां सुल्तानी ने कहा है कि 26 सितंबर को हुए उपद्रव में पुलिस ने कई बेगुनाहों और नाबालिगों पर कार्रवाई की है, जो सरासर गलत है। पार्टी आईएमसी (उपद्रवियों) के साथ नहीं है बल्कि बेगुनाहों के साथ खड़ी है। निदोर्षों को परेशान किया जा रहा है, इसी के विरोध में ज्ञापन देना था, लेकिन उससे पहले ही हमें नजरबंद कर दिया गया।

# मिशन शक्ति अभियान टीम ने महिलाओं को किया जागरूक



**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**

**खेसरहा/सिद्धार्थनगर।** एंटी रोमियो मिशन शक्ति टीम थाना खेसरहा द्वारा क्षेत्र के बनकटा के उच्च प्राथमिक विद्यालय, बनकटा गांव व कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के सामने सड़क पर चौपाल लगाकर महिलाओं को कानूनी रूप से जागरूक किया।

मिशन शक्ति के पांचवें चरण में खेसरहा थानाध्यक्ष अनूप कुमार मिश्र की मौजूदगी में पिंक कोबरा मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं को नारी सुरक्षा, नारी शक्ति, नारी स्वावलंबन की जानकारी दी। साथ ही महिला सुरक्षा नंबर 112, 1090, 1076, 1098, 181, 102, 108, 101,1930 के बारे में बताया। इस दौरान सरकारी योजनाओं संबंधी 190 पंफलेट वितरित किया गया। इस दौरान कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के सामने रोड पर एंटी रोमियो चेकिंग कर शोहदों की चेकिंग की गई व 4 शोहदों का माफीनामा भरा गया और उन्हें चेतावनी भी दी गई।

इस अवसर पर उपनिरीक्षक चंद्रिका प्रसाद मौर्य, हेड कांस्टेबल जालंधर प्रसाद , कांस्टेबल अरुण कुमार पांडेय सहित बनकटा गांव की आशा बहुएं व महिलाएं मौजूद रही।

# अग्नि सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन जागरूकता कार्यशाला आयोजित

**वेलकम इंडिया**



**प्रयागराज।** उच्च प्राथमिक विद्यालय पीएसी नैनी नगर क्षेत्र प्रयागराज एवं अग्निशमन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आग से बचाव और आपदा प्रबंधन पर एक जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम के संयोजक मुहम्मद रिजवान थे। कार्यशाला में अग्निशमन फायरमैन गुलाब चन्द्र भाष्कर के नेतृत्व में श्री चन्द्र शेखर और श्री नवल किशोर (अग्निशमन सिपाही) ने छात्र-छात्राओं, अध्यापकों व रसोइयों को आग लगने की स्थिति में बचाव और सुरक्षा उपायों की जानकारी दी।

गुलाब चन्द्र भाष्कर ने विस्तार से बताया कि गैस सिलेंडर में आग लगने पर घबराएं नहीं, सबसे पहले रेगुलेटर का वाल्व बंद करें और पानी की जगह गीले कपड़े या मिट्टी का प्रयोग करें। साथ ही उन्होंने 101 और 112 पर कॉल करने की जानकारी दी और बिजली के शॉर्ट-सर्किट से बचाव हेतु मुख्य स्विच बंद करने की सलाह दी। चन्द्र शेखर ने पटाखों से होने वाले खतरों से बचने के लिए सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि पटाखे खुले और सुरक्षित स्थान पर ही जलाएं, इन्हें ज्वलनशील पदार्थों से दूर रखें और बच्चों को पटाखों से बचाएं।

विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्री राशिद महमूद एवं संयोजक श्री मुहम्मद रिजवान ने कार्यक्रम में शामिल अग्निशमन सिपाहियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी अध्यापक, शिक्षामित्र, रसोइए एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# अखिलेश शुक्ला महामंत्री चित्रांशी यादव जिला संगठन मंत्री

**वेलकम इंडिया**



- एनयूजे प्रयागराज के जिलाध्यक्ष ने दोनों वरिष्ठ पत्रकारों को सौपी जिम्मेदारी

**प्रयागराज।** नेशनल यूनियन आफ जर्नलिस्ट प्रयागराज (एनयूजे) के वरिष्ठ संरक्षक पवन द्विवेदी की सलाह पर विशेषाधिकार का प्रयोग करते हुए जिला अध्यक्ष कुन्दन श्रीवास्तव ने आज अखिलेश शुक्ला को एनयूजे प्रयागराज का जिला महामंत्री और चित्रांशी यादव को जिला संगठन मंत्री घोषित किया है।

जिला अध्यक्ष कुन्दन श्रीवास्तव ने बताया कि अखिलेश शुक्ला और चित्रांशी प्रयागराज के वरिष्ठ पदाधिकारी है। यह लोग एनयूजे के लिए शुरू से बहुत अच्छा काम कर रहे है ऐसे पूरी उम्मीद है कि दोनों वरिष्ठ पत्रकारों को जो जिम्मेदारी सौपी गयी है उसका कुशलतापूर्वक निर्वहन करते हुए संगठन को और मजबूती प्रदान करेगे।

एनयूजे के नवनियुक्त पदाधिकारी अखिलेश शुक्ला महामंत्री और चित्रांशी यादव जिला संगठन मंत्री को बधाई संरक्षक पवन द्विवेदी एवं परवेज आलम, जिलाध्यक्ष कुंदन श्रीवास्तव, मनीष द्विवेदी मधुर दरबारी उमेश श्रीवास्तव डॉ सुधाकर पान्डेय बीरेद्रं श्रीवास्तव धमेद्रं श्रीवास्तव वी के यादव जिया सिदीकी बृजेश कुमार शनी केसरी असद कुरैशी राम बाबू इरफान खान रंजीत निषाद शिव पान्डेय सौरभ कुमार आदर्श अनूप रावत मो0 नसीम देवाशीष श्रीवास्तव नफीस अहमद अशरफ अली अनिल त्रिपाठी गौरव त्रिपाठी मो0 शकील खान सैय्यद सुहैल हनीफ जितेद्रं सिंह शिव जी मालवीय आनन्द श्रीवास्तव अमीत श्रीवास्तव मुकेश कुमार गुप्ता सत्यम निषाद शेखर आदर्श शेखर आदर्श शुभम मालवीय राकेश कुमार पाल राम कैलाश कन्नौजिया मूलचद्रं भारतीय रतन शुक्ला अनिरूद त्रिपाठी शहनवाज अहमद मो0 युसुफ हसीन मुहम्मद सईद अहमद भालचद्रं पान्डेय बिहारी प्रताप यादव सुनील कुमार सेन देवेद्रं शुक्ला संजय निषाद सहित अन्य पदाधिकारी और सदस्यों बधाई दिया है।

# भगवान महर्षि वाल्मीकि के प्रकटोत्सव की तैयारियों को लेकर हुई प्रेसवार्ता

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**




**बरेली।** उपजा प्रेस क्लब बरेली में आयोजित प्रेस वार्ता में बताया गया कि 131वीं भगवान वाल्मीकि प्रकटोत्सव शोभायात्रा के अवसर पर बड़े ही हर्ष का विषय है कि विगत 130 वर्षों से अपनी गौरवशाली परंपरा का निर्वहन करते हुए इस वर्ष 7 अक्टूबर 2025 को भगवान महर्षि वाल्मीकि जी के प्रकट उत्सव के अवसर पर भव्य एवं विशाल शोभायात्रा बरेली के विभिन्न मार्गो से होकर अपने परम्परागत स्थान प्राचीन वाल्मीकि मंदिर नई बस्ती सिटी सब्जी मंडी पर समाप्त होगी।

इस वर्ष शोभा यात्रा में सामाजिक सद्भाव एवं सनातन धर्म एवं भारत माता और देश प्रेम- देश-भक्ति तथा हालिया समय में पाकिस्तान के खिलाफ भारतीय सेना के शौर्य एवं पराक्रम को प्रदर्शित करने का संदेश देती हुई ऑपरेशन सिंदूर, बालाकोट एयर स्ट्राइक, उरी सर्जिकल स्ट्राइक पर आधारित तथा अन्य सामाजिक संदेश देते हुई लगभग 100 से अधिक झाकियां सम्मिलित होंगीं। विशेष रूप से चंदौसी से काली माता की झांकी तथा काली अखाड़ा शोभायात्रा में सम्मिलित होने आ रहे हैं।

बरेली शहर के भी विभिन्न क्षेत्रों से तरह-तरह की मनमोहक झांकियां प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी वाल्मीकि शोभायात्रा की शोभा बढ़ाएंगी। शोभा यात्रा के अध्यक्ष अंशु आर्य ने सभी शहवासियों से शोभायात्रा में सम्मिलित होने का आह्वान किया है साथ ही शांति एवं अनुशासन रखने की अपील भी की है। शोभायात्रा में सभी तरह के अस्त्र-शस्त्र पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। शोभा यात्रा में बरेली जिले के सभी सम्मानित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण भी उपस्थित रहेंगे। इस की विशेष जिम्मेदारी शोभायात्रा अध्यक्ष अंशु आर्य, स्वागत अध्यक्ष योगेश कुमार बंटी, शोभायात्रा प्रभारी विशाल सिंह बिंदु, संयोजक अजय रत्नाकर, संयोजक हरीश बाबू वाल्मीकि, संचालक हरि सिंह वरदान, उपाध्यक्ष अमरीश कठेरिया आदि रहे।

## फर्जी शपथ पत्र तैयार करने वाले के खिलाफ अधिवक्ताओं ने एसडीएम को दिया शिकायती पत्र

**बुलंदशहर।** शिकारपुर तहसील में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस में दो अधिवक्ताओं ने पहासू में चल रहे स्टांप वेंडर द्वारा स्वयं को नोटरी अधिवक्ता बताकर स्टांप व नोटरी पर फर्जी शपथ पत्र तैयार करने वाले की शिकायत की है। आपको बता दें कि शनिवार को तहसील में एसडीएम की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस चल रहा था इसी दौरान अधिवक्ता गौरव गोस्वामी और जितेंद्र कुमार गिरि ने पहासू में चल रहे संजय गोस्वामी कंप्यूटर सेंटर के नाम से एक दुकान चलती है जिसका केवल स्टांप वेंडर का ही लाइसेंस बना हुआ है जो व्यक्ति 10- 20- रुपए के स्टांप को ब्लैक में बेचता है तथा स्वयं को नोटरी अधिवक्ता बताकर नोटरी शपथ पत्र किसी जय भगवान नमक एडवोकेट बुलंदशहर की फर्जी मोहर बनवाकर शपथ पत्र पर नौटरी करता है।

# मौलाना तौकीर के पार्टनर फरहत का फाइक एनक्लेव वाला आलीशान मकान सील

**वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता**



**बरेली।** बरेली में उपद्रव के बाद अब ऑपरेशन तौकीर शुरू हो गया है। नफरती मौलाना तौकीर रजा खां को फंडिंग करने शरण और सहयोग देने वालों के खिलाफ पुलिस और बरेली विकास प्राधिकरण की संयुक्त टीम ने कार्रवाई शुरू कर दी है। इसी क्रम में शनिवार को प्रशासन ने मौलाना के करीबी सहयोगी और कारोबारी फरहत खां के फाइक एनक्लेव स्थित आलीशान मकान को सील कर दिया। फरहत खां लंबे समय से तौकीर रजा के पार्टनर और मददगार माने जाते हैं।

उन पर आरोप है कि बरेली में बवाल के दौरान उन्होंने न केवल मौलाना को शरण दी बल्कि उनके कार्यक्रमों में आर्थिक सहायता भी की थी। उनके घर बैठकर ही मौलाना ने वीडियो वायरल किये थे। शनिवार सुबह प्रशासन और बीडीए की टीम भारी पुलिस बल के साथ फाइक एनक्लेव पहुंची। बीडीए ने फरहत खां को गुरुवार तक मकान खाली करने का नोटिस दिया था। समय सीमा पूरी होने पर जब टीम मौके पर पहुंची, तो मकान खाली मिला। इस पर सिटी मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री की मौजूदगी में मुख्य गेट का ताला तोड़कर बीडीए ने अपना ताला लगाकर मकान को सील कर दिया।

इस दौरान इज्जतनगर इंस्पेक्टर बिजेंद्र सिंह, बीडीए अधिकारी और राजस्व टीम के सदस्य भी मौजूद रहे। पूरी कार्रवाई वीडियोग्राफी के साथ संपन्न की गई ताकि बाद में कोई विवाद न हो। बरेली विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष मनिकंडन ए. के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। उन्होंने कहा कि मौलाना तौकीर रजा को सहयोग देने वाले सभी व्यक्तियों की संपत्तियों की जांच की जा रही है। जो लोग मौलाना को फंडिंग, पनाह या किसी रूप में सहयोग कर रहे थे, उनके अवैध निमार्णों की पहचान की जा चुकी है। जल्द ही उन्हें सील और ध्वस्त करने की कार्रवाई होगी। प्रशासन ने शहर में कई अन्य स्थानों पर अवैध संपत्तियों की सूची तैयार कर ली है, जिनमें कुछ धार्मिक ट्रस्टों से जुड़ी इमारतें और मौलाना के समर्थकों के कॉम्प्लेक्स भी शामिल हैं।

## श्रीकृष्ण कृपा धाम में दीप प्रज्वलन के साथ प्रारंभ हुआ त्रिदिवसीय शरदोत्सव



**वृन्दावन।** परिक्रमा मार्ग स्थित श्रीकृष्ण कृपा धाम में त्रिदिवसीय दिव्य व भव्य शरदोत्सव का शुभारंभ अनेक संतों-विद्वानों ने श्रीराधाकृष्ण के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करके एवं पुष्प अर्पित करके किया।तत्पश्चात आयोजित सन्त-विद्वत सम्मेलन में भानुपुरा पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी ज्ञानानंद तीर्थ महाराज ने कहा कि शरद पूर्णिमा का चंद्रमा और उसकी उज्वल चंद्रिका सभी को माधुर्य व आनंद की अनुभूति कराती है। शरद पूर्णिमा की दिव्य व भव्य रात्रि के चंद्रमा की चांदनी में अमृत समाहित होकर पृथ्वी पर बरसता है।इसीलिए शरद पूर्णिमा को शीत ऋतु का विशिष्ट पर्व कहा जाता है।

श्रीकृष्ण कृपा धाम के अधिष्ठाता महामंडलेश्वर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने कहा कि शरद पूर्णिमा ग्रीष्म ऋतु से शरद ऋतु में प्रवेश का द्वार है।इसे भक्ति व प्रेम के रस का सागर भी माना गया है।शरद पूर्णिमा कन्हैया की वंशी का प्रेम नाद एवं जीवात्मा व परमात्मा के रास रस के आनंद का केंद्र है।इसीलिए इसे लोक कथाओं से लेकर शास्त्रों तक में शुभ व मंगलकारी बताया गया है। श्रीपीपाद्वाराचार्य जगद्गुरु बाबा बलरामदास देवाचार्य महाराज एवं जगद्गुरु श्रीमद्विष्णुस्वामी विजयराम देवाचार्य भैयाजी महाराज (वल्लभगढ़ वाले) ने कहा कि शरद पूर्णिमा जितनी पावन व पुनीत किसी भी ऋतु की कोई रात्रि नहीं है।शरद पूर्णिमा महालक्ष्मी का भी पर्व है।ऐसी मान्यता है कि धन संपति की अधिष्ठात्री महालक्ष्मी शरद पूर्णिमा की रात्रि में पृथ्वी पर भ्रमण करती हैं।

# होटल शगुन की डांडिया नाइट

**वेलकम इंडिया**



**लखनऊ।** होटल शगुन की शाम रंगों, संगीत और नृत्य की धुनों से जगमगा उठी, जब प्रीति सिंह और संध्या सिंह के सौजन्य से आयोजित भव्य डांडिया नाइट ने शहरवासियों को उल्लास और परंपरा के उत्सव में डूबो दिया।

कार्यक्रम का आगाज पारंपरिक अंदाज में हुआ। हॉल को झिलमिलाते पर्दों, रोशनी और सांस्कृतिक सजावट से इस तरह सुसज्जित किया गया था कि पूरा वातावरण मानो त्योहार की चमक और गरिमा से भर उठा। रंग-बिरंगे परिधानों में सजे मेहमानों ने जब गरबा और डांडिया की ताल पर कदम मिलाए, तो दृश्य मानो एक जीवंत चित्रकला बन गया। संगीत और नृत्य की धुनों पर झूमे मेहमान डांडिया की लयबद्ध ताल और गरबा के सुरों ने सभी को देर रात तक झूमने पर मजबूर कर दिया। नृत्य-मंच पर उमंग, उत्साह और उल्लास का ऐसा संगम दिखाई दिया, जिसमें बुजुर्ग से लेकर बच्चे तक सभी शामिल थे। परिवारों की आपसी घनिष्ठता, बच्चों की खिलखिलाहट और मित्रों की हंसी-खुशी ने पूरे आयोजन को यादगार बना दिया।

इस आयोजन को विशेष बनाने में आयोजक प्रीति सिंह और संध्या सिंह की मेहनत और सूझबूझ भरी व्यवस्थाओं की झलक साफ दिखाई दी। उनकी आत्मीय मेहमाननवाजी और सटीक प्रबंधन ने इस डांडिया नाइट को एक अविस्मरणीय अनुभव बना दिया।

यह शाम केवल एक सांस्कृतिक आयोजन भर नहीं थी, बल्कि भारतीय परंपरा की सुंदरता और सामूहिक उल्लास की अनमोल झलक थी। हर कोई इस उत्सव का हिस्सा बनकर गर्व और खुशी से भर उठा।

# सात किमी. सड़क का होगा चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण...खर्च होंगे सवा 19 करोड़

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**



**सिद्धार्थनगर।** कपिलवस्तु विधान सभा क्षेत्र के महादेवा - पटनी जंगल मार्ग के चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण की स्वीकृति मिल गई है। करीब सात किलोमीटर लंबी इस सड़क के चौड़ीकरण कार्य पर 19 करोड़, 26 लाख 88 हजार रुपये खर्च किए जाएंगे। मार्ग के चौड़ीकरण से जहां आवागमन सुगम होगा, वहीं व्यापारिक गतिविधियों में तेजी और विकास की नई संभावनाएं प्राप्त होगी। सड़क के चौड़ीकरण होने से कई गांव के लोगों को फायदा मिलेगा। काम जल्द ही शुरू होने की उम्मीद है। सड़क की चौड़ाई बढ़ाने के लिए लोक निर्माण विभाग को कार्यदायी संस्था नामित किया गया।

सड़क चौड़ीकरण के लिए विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राही ने मुख्यमंत्री से मांग की थी , स्वीकृति मिलने के बाद विधायक ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह स्वीकृति विधानसभा की जनता के लिए एक बड़ा विकासात्मक उपहार है। सरकार की प्राथमिकता जनता के जीवन स्तर को बेहतर बनाने और विकास कार्यों की गति देने की है।

## जीजीएफ ग्रुप का सीजन-4 डांडिया महोत्सव:

# रंग, संगीत और उत्सव की शानदार शाम



**वेलकम इंडिया**

**प्रयागराज।** जीजीएफ ग्रुप की ओर से सीजन-4 डांडिया प्रोग्राम का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें शहर की कई प्रतिष्ठित हस्तियों ने शिरकत की। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कल्याणी लोक सेवा समिति प्रयागराज की शान समाज सेविका रुपाली अवस्थी जी रहीं, जिन्होंने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम का संचालन होस्ट शैलजा निशा द्वारा बड़े ही उत्साहपूर्ण ढंग से किया गया। आयोजन की संयोजक श्रीमती ज्योति जायसवाल जी एवं उनकी पूरी टीम ने अपनी मेहनत और समर्पण से कार्यक्रम को सफल बनाया।

रंग-बिरंगे परिधानों में सजे प्रतिभागियों ने पारंपरिक संगीत की धुन पर गरबा एवं डांडिया नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि रुपाली अवस्थी जी ने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजन समाज में एकता, उत्सव और नारी सशक्तिकरण का सुंदर संदेश देते हैं। कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। पूरे कार्यक्रम में उत्साह, उमंग और गरबा की रंगत छाई रही।



## एटीएम बदलकर खाते से उड़ाई हजारों की नगदी

**कांधला।** एटीएम से रुपये निकालने गई महिला का दो ठगों ने एटीएम बदल लिया। उसके बाद आरोपियों ने उसके खाते से हजारों रुपए की नगदी निकाल ली। पीड़ित महिला ने आरोपियों के खिलाफ थाने में तहरीर देकर कारवाई किए जाने की मांग की है। कस्बे के मोहल्ला खैल निवासी महिला शबनम कस्बे में एक एटीएम मशीन से रुपए निकालने के लिए गई थी। एटीएम में पहले से ही दो युवक खड़े हुए थे। पीड़ित महिला जब रुपए निकालने लगी, तो उसके एटीएम कार्ड से रुपए नहीं निकले, तो पास खड़े हुए एक युवक ने उसे रुपए निकालकर देने की बात कही। पीड़ित महिला उक्त ठगों के झांसे में आ गई, और अपना एटीएम उक्त ठगों को दे दिया। इस दौरान आरोपियों ने महिला का एटीएम बदल लिया, और महिला से रुपए नहीं निकलने की बात करते हुए एटीएम कार्ड देकर चलता कर दिया। थोड़ी देर बाद महिला के पति मुख्तयार के फोन पर दस-दस हजार और उसके बाद तीन हजार रुपए खाते से निकाले जाने का मैसेज आया।

## मिशन शक्ति के अंतर्गत विद्यालयों में पर्सनल सेफ्टी (मेगा इवेंट) का सफल आयोजन

**वेलकम इंडिया**

**मथुरा।** मिशन शक्ति अभियान के तहत पर्सनल सेफ्टी (मेगा इवेंट) का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महिला कल्याण विभाग की टीम द्वारा मथुरा जिले के दो प्रमुख विद्यालयों में संपन्न हुआ।

श्री कृष्ण एक्सटेंशन जूनियर हाई स्कूल लोहवन, मथुरा और उच्च प्राथमिक विद्यालय गोपालगढ, वृन्दावन, इन दोनों स्थानों पर एक साथ यह महत्वपूर्ण इवेंट आयोजित किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य छात्राओं और शिक्षकों को आत्म-रक्षा और व्यक्तिगत सुरक्षा के महत्व से अवगत कराना था।

महिला कल्याण विभाग की टीम ने छात्राओं को विपरीत परिस्थितियों में अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक जानकारी, कानूनी अधिकारों और स्व-रक्षा की तकनीकों पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया।




सत्र के दौरान, उन्हें सुरक्षा हेतु उपलब्ध हेल्पलाइन नंबरों जैसे 1090 (वूमेन पावर लाइन), 181 (महिला हेल्पलाइन), और 112 (आपातकालीन सेवा) के बारे में भी विस्तार से बताया गया।

इस मेगा इवेंट में दोनों विद्यालयों की छात्राओं और महिला शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। टीम ने उन्हें सशक्त बनने, किसी भी प्रकार के दुर्व्यवहार या हिंसा का विरोध करने और जरूरत पड़ने पर तुरंत सहायता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम मिशन शक्ति के लक्ष्यों को मजबूती प्रदान करते हैं, जिससे महिलाएं और बेटियाँ सुरक्षित महसूस कर सकें और समाज में निर्भीक होकर आगे बढ़ सकें।

## पोस्ट ऑफिस के पास लगा खंभा पहुंचा गिरासू हालत में

**मथुरा/बलदेव।** दाऊजी परिक्रमा मार्ग में बलदेव पोस्ट ऑफिस के पास लगा हुआ टेलीफोन विभाग का खंभा नीचे से गल गया है एवं गिरासू हालत में पहुंच गया है जो कि कभी भी गिर सकता है जिससे कोई भी हादसा हो सकता है। स्थानीय निवासी सोनू भैया ने बताया कि डाकघर पर आधार कार्ड के लिए भीड़ रहती है वहीं ये परिक्रमा मार्ग भी है।खंभा कभी भी गिर गया तो हादसा हो सकता है। स्थानीय कुलदीप पांडेय,सोनू सिंघल ,देवेंद्र पांडेय, मोहित पाठक ,मोनू पंडित, हेमंत वर्मा, लोकेश पांडेय ,राजेश पांडेय, कन्हैया उपाध्याय, कृष्ण गोपाल पाठक, मुकेश उपाध्याय,उमेश पांडेय,सुजीत वर्मा आदि ने इस ओर प्रशासन से ध्यान देने को कहा है।

## सुजीत होंगे राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान समारोह में सम्मानित



**मथुरा।** चौधरी केहर सिंह एजूकेशनल ट्रस्ट बड़ौत बागपत द्वारा शैक्षिक उन्नयन गोष्ठी एवं राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान समारोह 2025 का 5 अक्टूबर को मेडीसिटी हॉस्पिटल परिसर, कोताना रोड़, बड़ौत (बागपत) में आयोजन किया जा रहा है।शिक्षा के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए इस कार्यक्रम में संपूर्ण भारत वर्ष के विभिन्न प्रांतों से 111 शिक्षकों का चयन किया गया है जिनका की कार्यक्रम में सम्मान किया जाएगा। मथुरा जनपद के कस्बा बलदेव निवासी सुजीत वर्मा को शिक्षा के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए इस वर्ष इस कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा।

## धूमधाम से मनाया डांडिया उत्सव



**मथुरा/बलदेब।** बलदेव विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान आरएसएस द्वारा संचालित मातृ भारती संगठन ने डांडिया उत्सव 2025 होटल देवी कृपा में धूमधाम से मनाया जिसमें माता बहनों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया महिलाओं ने माता रानी के भजनों पर गरबा नृत्य किया कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती सरला अग्रवाल धर्मपत्नी नगर पंचायत अध्यक्ष बलदेव ने की तथा संचालन संगठन प्रमुख राधिका गोयल ने किया इस अवसर पर संगठन की अध्यक्ष शालिनी गोयल उपाध्यक्ष मोहिनी अग्रवाल एवं महामंत्री गीता रावत ने उपस्थित मातृशक्ति का सम्मान चुनरी ओडा कर किया कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मानसी बंसल पूनम अग्रवाल संगीता गर्ग पूनम गर्ग निर्मल वर्मा शालिनी बंसल रेनू अग्रवाल रेखा गर्ग अनीता गोयल पूनम अग्रवाल मंगलम डिंपल अग्रवाल दिया अग्रवाल करिश्मा अग्रवाल शिवांगी गोयल विदुषी गोयल दक्षिता अग्रवाल सोनिया अग्रवाल जिज्ञासा गोयल आदि उपस्थिति रही अंत में संगठन की अध्यक्ष शालिनी गोयल द्वारा आभार व्यक्त किया गया

## डीह बाबा का हुआ वार्षिक श्रृंगार, भंडारे में उमड़ी भीड़



**मिजार्मुराद।** सेवापुरी ब्लॉक के अमिनी गांव स्थित डीह बाबा के मंदिर पर हर वर्ष के भांति इस वर्ष भी शनिवार को डीह बाबा का गांव वालों ने वार्षिक श्रृंगार किया।ग्रामीणों द्वारा मंदिर को गजरा व फूल मेलो से भव्य सजाया गया है।सुबह से मंदिर परिसर में ग्रामीणों महिला, पुरुष व बच्चों का भारी भीड़ दर्शन करने हेतु लगा हुआ हैं।मंदिर परिसर में सुबह से ही भजन-कीर्तन चल रहा है।दर्शन करने आने वाले लोगों के लिए मंदिर पर प्रसाद के रूप में भंडारे का आयोजन भी किया गया जो चालू हर कोई दर्शन करने के बाद प्रसाद ग्रहण कर रहे काफी संख्या में भीड़ लगी हुई है कार्यक्रम देर रात तक चलेगा।इस दौरान कार्यक्रम के संयोजक सुखराज पटेल, राजेन्द्र पटेल, अभिषेक त्रिपाठी 'सुमित', रविन्द्र पाल, राकेश पटेल, सूरज पटेल, ग्राम प्रधान अनिल सोनकर, राजेश पटेल, प्रदीप, दरोगा, बृजेश पटेल समेत अन्य लोग सहयोग में लगे रहे।

## सरकारी एंबुलेंसों का निरीक्षण कर दिए निर्देश

**कांधला।** ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विसेज के प्रोग्राम मैनेजर जयविंदर सिंह एवं जिला प्रभारी ललित मोहन जोशी द्वारा नगर के सरकारी अस्पताल पर तैनात 102,108 एंबुलेंस सेवा के कर्मचारियों को मिष्ठान वितरण किया गया।इस मौके पर प्रोग्राम मैनेजर जयविंदर सिंह ने सरकारी अस्पताल पर तैनात सभी एंबुलेंसों का औचक निरीक्षण कर कर्मचारियों को अपने कर्तव्यों का पूर्ण निष्ठा से पालन करने तथा मरीजों एवं गर्भवती महिलाओं को बेहतर सुविधा प्रदान करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार दशहरा पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है, उसी प्रकार एंबुलेंस सेवाएं भी लोगों के जीवन में स्वास्थ्य, सेवा और सुरक्षा की प्रतीक बननी चाहिए।उन्होंने सभी कर्मचारियों को दीपावली पर्व पर एंबुलेंसों को हॉटस्पॉट प्वाइंट पर तैनात रखने के निर्देश दिए, जिससे किसी भी आपात स्थिति में मरीज तक कम से कम समय में पहुंचा जा सके।

## मिशन शक्ति के तहत जागरूकता कार्यक्रम



**वेलकम इंडिया**

**कांधला। (मोहसीन रहमानी)** थाना क्षेत्र के गांव खंद्रावली में मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं एवं बच्चों को जागरूक करने हेतु एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपनिरीक्षक सुनील दत्त एवं महिला कांस्टेबल मिथिलेश ने ग्रामीण महिलाओं और बालिकाओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए तथा बढ़ते साइबर अपराधों से बचाव के उपाय बताए।कार्यक्रम में मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य महिलाओं में आत्मविश्वास जगाना और उन्हें हर परिस्थिति में खुद की सुरक्षा करने के लिए सक्षम बनाना है।

उन्होंने उपस्थित महिलाओं को बताया कि साइबर अपराधी सोशल मीडिया और मोबाइल के माध्यम से ठगी या अश्लील संदेश भेजने जैसे अपराधों को अंजाम देते हैं, इसलिए किसी भी संदिग्ध लिंक या कॉल पर भरोसा न करें और तुरंत इसकी सूचना पुलिस या साइबर हेल्पलाइन नंबर पर दें।

महिला कांस्टेबल मिथिलेश ने कहा कि यदि किसी महिला या बालिका के साथ छेड़छाड़, उत्पीड़न या किसी प्रकार की अभद्रता की घटना होती है तो वे बिना संकोच 1090, 112 या नजदीकी थाने में शिकायत दर्ज करा सकती हैं। उन्होंने मिशन शक्ति से संबंधित सरकारी योजनाओं और सुरक्षा ऐप्स की जानकारी भी दी। कार्यक्रम में दर्जनों महिलाएं मौजूद रही।

## छेड़खानी करते युवक की धुनाई वीडियो हुआ वायरल

**वेलकम इंडिया**

**कांधला। (मोहसीन रहमानी)** कस्बे की ऐतिहासिक रामलीला में उस समय हड़कंप मच गया जब मेले में भीड़ के बीच एक मनचले युवक ने वहां घूम रही युवती से छेड़खानी करने की कोशिश की।युवती के विरोध करते ही आसपास मौजूद महिलाओं ने नारी शक्ति का परिचय देते हुए मनचले युवक को मौके पर ही धर दबोचा और बीच मेले में उसकी जमकर पिटाई कर दी।महिलाओं ने युवक पर थप्पड़ों की बौछार कर दी, जिससे वह खुद को बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगा।देखते ही देखते मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई और कुछ देर के लिए अफरातफरी का माहौल बन गया।

बताया गया कि युवक मेले में काफी देर से युवती का पीछा कर रहा था और मौका पाते ही उसने छेड़छाड़ की कोशिश की, लेकिन महिलाओं की सतर्कता से उसकी हरकत पकड़ी गई।घटना के



दौरान किसी दर्शक ने अपने मोबाइल कैमरे से पूरी घटना का वीडियो बना लिया, जिसे बाद में सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया गया।वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है और लोग महिलाओं की हिम्मत की जमकर सराहना कर रहे हैं।वीडियो में साफ दिखाई दे रहा है कि किस तरह महिलाओं ने मनचले को घेरकर उसकी पिटाई की और उसे भागने का कोई मौका नहीं दिया।मनचला मौके का फायदा उठाकर आरोपी युवक वहां से फरार हो गया।

## भरत मिलाप और राजतिलक की लीला का मंचन हुआ

**वेलकम इंडिया**

**कांधला। (मोहसीन रहमानी)** नगर के पंजाबी धर्मशाला में चल रहे रामलीला मंचन कार्यक्रम का समापन भरत मिलाप और भगवान श्रीराम के राजतिलक के साथ किया गया। अंतिम दिन की लीला में भगवान राम के लंका विजय के उपरांत अयोध्या लौटने की कथा का भावपूर्ण मंचन किया गया।

कार्यक्रम में दर्शाया गया कि रामचंद्र जी, लंका पर विजय प्राप्त करने के बाद हनुमान जी को भरत लाल के पास भेजते हैं ताकि वह उनके शीघ्र आगमन का संदेश दे सकें। 14 वर्षों बाद भगवान श्रीराम के आगमन पर अयोध्या में आनंद उत्सव का माहौल छा जाता है।

कलाकारों ने लीला को इतने भावनात्मक अंदाज में प्रस्तुत किया कि उपस्थित लोग भाव-विभोर हो उठे।



रामराज्य की स्थापना और भगवान श्रीराम के राजतिलक की झांकी ने उपस्थित जनसमूह को आध्यात्मिक आनंद से भर दिया।

आयोजकों ने कलाकारों और दर्शकों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक परंपराओं को जीवंत बनाए रखते हैं। कार्यक्रम में डॉक्टर दिनेश्वर चौहान, डॉ रणवीर सिंह, अनिल कुमार मित्तल, महावीर प्रसाद अग्रवाल, जितेंद्र सैनी, घनश्याम सैनी, सभासद यशु सैनी, नरेश सैनी, गुणपाल जैन, राजेंद्र राही, सर्वेश वर्मा, कन्हैया सैनी सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## वांछित बदमाश गिरफ्तार, लूट की घटना में था शामिल, तमंचा व बाइक बरामद

**वेलकम इंडिया/संदीप तिवारी**

**मिजार्मुराद।** मिजार्मुराद पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ठठरा गांव जाने वाले मार्ग पर नहर के पास से शनिवार की सुबह लूट के मामले में वांछित चल रहे एक बदमाश को गिरफ्तार करते हुए एक नाजायज देशी तमंचा व घटना में इस्तिमाल किया गया बिना नंबर की अपाचे बाइक, एक अदद आधार कार्ड, दो अदद एटीएम व एक अदद पैन कार्ड बरामद कर ली।

मिजार्मुराद थाना प्रभारी प्रमोद कुमार पांडेय ने बताया कि बीते 28 अप्रैल को तमाचाबाद (कछवांरोड) पुलिस चौकी के पास से एक एक्सवे माइक्रो क्रेडिट प्राइवेट लिमिटेड के शाखा में एक बाइक से पहुंचे तीन बदमाशों ने असलहे के बल पर ब्रांच ऑफिसर को आतंकित कर 26 हजार की लूट कर के फरार चल रहे



थे।मिजार्मुराद पुलिस बदमाशों के तलाश लगी थी तभी शनिवार की सुबह मुखबिर द्वारा सूचना मिला की लूट में वांछित एक बदमाश ठठरा गांव स्थित नहर के किनारे सड़क पर बिना नंबर प्लेट की काले रंग की अपाचे बाइक लेकर खड़ा है।जिसपर कछवांरोड चौकी प्रभारी गणेश प्रसाद पटेल ने पुलिस टीम के साथ घेराबंदी कर वांछित बदमाश भदोही जिले के कोइरौना थाना क्षेत्र के मन्नीपुर गांव निवासी प्रद्युम्न यादव को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस के पूछताछ में बदमाश ने बताया कि अपने साथियों के साथ मिलकर योजना बनाने के बाद लूट की घटना किया था।प्रद्युम्न ने बताया कि जिस बाइक से घटना किया गया वो मेरे एक परचित का था 26 अप्रैल को खरीदी गई थी।पुलिस ने लिखा पढ़ी के बाद बदमाश को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दी।वही मिजार्मुराद पुलिस ने शुक्रवार को भी लूट में वांछित एक बदमाश भदोही जिले के कोइरौना थाना क्षेत्र के झरिहरपुर गांव निवासी सुमित यादव को बेंगलुरु से गिरफ्तार कर लाई थी जिसको लिखा पढ़ी के बाद जेल भेज दी थी।पुलिस ने बताया कि अन्य जो भी घटना में बदमाश शामिल है उनको भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में चौकी प्रभारी कछवांरोड गणेश प्रसाद पटेल, एसआई रामचन्द्र यादव, राममिलन यादव, कांस्टेबल विनोद ठाकुर, सर्वेन्द्र सरोज व नितेश कुमार रहे।

## दहेज में क्रेटा गाड़ी नहीं देने पर तोड़ी सगाई दुल्हन का मानसिक संतुलन बिगड़ा

**वेलकम इंडिया**

**कांधला। (मोहसीन रहमानी)** सगाई के बाद दुल्हे पक्ष की और से अतिरिक्त दहेज में क्रेटा गाड़ी की मांग करने पर युवती का रिश्ता टूट गया है। रिश्ता टूटने से युवती का मानसिक संतुलन बिगड़ गया है। पीड़ित परिजनों ने आरोपियों के खिलाफ थाने में तहरीर देकर कारवाई किए जाने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कस्बा निवासी एक युवती का रिश्ता लोनी (गाजियाबाद) के मोहल्ला खन्ना नगर निवासी युवक नईम के साथ तय हुआ था। विगत 25 जुलाई को दोनों की सगाई की रश्म पूरी कर दी गई थी। जिसमें युवक पक्ष की ओर से करीब 54 महिलाएं-पुरुष और बच्चे शामिल हुए थे। युवती पक्ष की और से सगाई में जमकर खर्च किया गया, और युवक को शगुन के तौर पर 51 हजार रुपए और सोने की चैन और अगुंठी दी गई थी, जबकि अन्य लोगों को भी शगुन और कपड़े सहित जेवरात दिए गए। सगाई पर पीड़ित पक्ष का करीब साढ़े पांच लाख रुपए खर्च हुआ था। आरोप है कि कई दिन पहले युवक पक्ष की और से युवती की मां के मोबाइल पर फोन आया। आरोप है कि उक्त लोगों ने शादी में क्रैटा गाड़ी की मांग की, आरोप है कि गाड़ी न दिए जाने पर शादी करने से साफ मना कर दिया। पीड़ित महिला ने मामले की जानकारी परिजनो को दी।? उसके बाद से लगातार समाज के लोग उक्त आरोपि से बातचीत करने में लगे हुए हैं। आरोप है कि आरोपियों ने बिना गाड़ी लिए शादी करने से मना कर दिया है। शादी टूटने की खबर से पीड़ित युवती का मानसिक संतुलन बिगड़ गया है। पीड़ित पक्ष ने आरोपियों के खिलाफ थाने में तहरीर देकर कारवाई किए जाने की मांग की है।

## निरंकार नाथ पांडे स्टेट वॉलीबॉल टूर्नामेंट मैनपुरी ने जीता

**वेलकम इंडिया**

**झांसी।** स्व निरंकार नाथ पांडे की स्मृति में दो दिवसीय उत्तर प्रदेश स्टेट वॉलीबॉल टूनार्मेंट माउंट लिट्रा जी स्कूल में फाइनल एवं समापन समारोह संपन्न हुआ

उसके अतिथि गण श्री आलोक शांडिल्य ,संजय पटवारी व्यापारी नेता,सुबोध खांडेकर अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी,इब्राहिम खान हॉकी खिलाड़ी संजीव सरावगी,अवधेश निरंजनअध्यक्ष विवेक निरंजन खेल अकादमी,अर्जुन सिंह,बृजेंद्र यादव,कपिल गर्ग,संजय भारती,वाहिद खान,सुनील शर्मा,चंद्र मोहन राय,सत्येंद्र पाल सिंह परिहार,आदित्य तिवारी,डॉ विवेक बाजपेई, पुनीत श्रीवास्तव के रहे।

टूनार्मेंट में प्रयागराज स्पोर्ट्स हॉस्टल ,विवेक निरंजन खेल अकादमी,रॉयल क्लब कानपुर,दिल्ली मैनपुरी, चित्रकूट,बुंदेलखंड विश्वविद्यालय,बुंदेलखंड इंस्टीट्यूट




आफ इंजीनियरिंग टेक्नोलॉजी आदि टीमों ने प्रतिभाग किया ।

पहला सेमीफाइनल मैच चित्रकूट और प्रयागराज हॉस्टल के मध्य हुआ,जिसमें प्रयागराज हॉस्टल ने चित्रकूट को25-14,25 -20 से सीधे सेटों में हरा कर शान से फाइनल में प्रवेश किया। दूसरा सेमीफाइनल मैच मेनपुरी और दिल्ली के मध्य हुआ जिसमें मैनपुरी ने2 3 -25, 25- 20,15-12 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

फाइनल मैच प्रयागराज हॉस्टल एवं मैनपुरी के मध्य हुआ जिसमें मैनपुरी ने 20 -25, 25 -21 और 15-12 से निरंकार नाथ पांडे स्टेट वॉलीबॉल टूनार्मेंट पर कब्जा किया।और प्रयागराज हॉस्टल उप विजेता रही।

इस अवसर पर श्रीमती श्वेता पांडे उप प्रबंधक,माउंट लिट्रा जी स्कूल अर्चना स्टुअर्ट,प्रधानाचार्या,रिटा कर्नल एस एस चौहान,डॉ वीर सिंह,योगेश शर्मा,हिमांशु पटेल,दिव्यांशु उपाध्याय, निर्भय प्रताप सिंह,अमरजीत सिंह, नागेंद्र,बृजेंद्र प्रताप सिंह,सोनिया दीक्षित, साधना मिश्रा, सबा सिद्दीकी, राहुल कुमार गुप्ता आदि लोग उपस्थित रहे।

संचालन रामकिशन निरंजन एवं हरगोविंद सिंह ने एवं आभार रोहित पांडे डायरेक्टर माउंट लिट्रा जी स्कूल ने किया।

# एन सी सी कैडेट्स को शारीरिक प्रशिक्षण के साथ साथ योग का अभ्यास कराया गया

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** पंचशील बालक इंटर कॉलेज नोएडा में एक 1.10.2025 से 13 यू पी वाहिनी एन सी सी गाज़ियाबाद के तत्वावधान में चल रहे विशेष संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर -134 में कैंप के चौथे दिन सुबह के सत्र में एन सी सी कैडेट्स को शारीरिक प्रशिक्षण के साथ साथ योग का अभ्यास कराया गया ।इसके उपरांत सभी को हाइजीन और सैनिटेशन के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई ।द्वितीय सत्र में कैडेट्स को विस्तार से हथियार प्रशिक्षण दिया गया, हथियार को खोलना, जोड़ना और सफाई का तरीका सिखाया गया ।शाम के सत्र में कैडेट्स को गेम्स एवं खेल कूद प्रतियोगिताओं का अभ्यास कराया गया।

कैंप कमांडेंट कर्नल अमित भटनागर ने एन सी सी कैडेट्स को कैंप के दौरान एन सी सी के ध्येय एकता और अनुशासन का पालन करते हुए एन सी सी के उद्देश्यों को प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया इसके साथ ही उन्हें व्यक्तित्व विकास से संबंधित अनेक जानकारी देते हुए एन सी सी से होने वाले लाभों के बारे में विस्तार से बताया।एन सी सी अधिकारी प्रवीण जैनर ने बताया कि दिनांक 1.10.25 से प्रारंभ इस कैंप में 13 यू पी वाहिनी एन सी सी गाज़ियाबाद, 31 यू पी एन सी सी वाहिनी नोएडा एवं पैतीस यू पी वाहिनी एन सी सी मोदीनगर के लगभग 550 एन सी सी कैडेट्स प्रतिभाग कर रहे हैं ।इस अवसर पर डिप्टी कैंप कमांडेंट मेजर मुन्नी पंकज, सुबेदार मेजर राजेश सिंह, सूबेदार मेजर हवा सिंह, एन सी सी अधिकारी प्रवीण जैनर, नायब सूबेदार यशपाल सिंह, बीएचएम ओमपाल सिंह सीएचएम नील कमल, हवलदार अरविंद दीक्षित, हवलदार देवेंद्र बिष्ट, सीनियर जीसीआइ शालिनी, निशा सिंह, लक्ष्मी, ऑफि सर मोनिका सागर, रूपाली भारद्वाज, पूनम, धनिया आदि उपस्थित रहे।

# मोदीनगर क्षेत्र में आयुष महाविद्यालय बनाए जाने का रास्ता साफ

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** बागपत लोकसभा क्षेत्र के सांसद राजकुमार सांगवान की मांग पर मोदीनगर तहसील क्षेत्र में आयुष महाविद्यालय बनाए जाने का रास्ता साफ हो गया है। मोहिद्दीनपुर खरखोदा रोड पर तलहेटा, सैदपुर हुसैनपुर डीलना की 13.5 एकड़ सरकारी भूमि में यह आयुष महाविद्यालय बनाया जाएगा। जमीन स्थानांतरण करने के बाद जिलाधिकारी गाज़ियाबाद ने शासन को प्रस्ताव भेज दिया है। बागपत लोकसभा क्षेत्र के सांसद राजकुमार सांगवान ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर मेरठ मंडल में आयुष महाविद्यालय की स्थापना की मांग की थी। जिसमें आयुर्वेद, यूनानी एवं होम्योपैथ तथा योग एवं नैचुरोपैथी विधा के अध्ययनन अध्यापन एवं प्रशिक्षण की व्यवस्था हो। सांसद की मांग पर एकीकृत आयुष महाविद्यालय की स्थापना के लिए 13.5 एकड निशुल्क निर्विवाद भूमि आयुष विभाग को उपलब्ध कराने हेतु कहा गया था। सांसद ने मुख्यमंत्री को बताया था कि मेरठ मंडल के मुख्यालय जनपद मेरठ में मानकों के अनुसार भूमि उपलब्ध नहीं है। मेरठ मंडल के गाजियाबाद जिले की तहसील मोदीनगर में स्थित तलहेटा के पास ग्राम सैदपुर हुसैनपुर डीलना तहसील मोदीनगर के विभिन्न 72 गाटा नम्बरानों की कुल 45.864 है० सरकारी भूमि (ऊसर एवं बंजर श्रेणी) एवं ग्राम तलहैटा के कुल 04 गाटा नम्बरानों की कुल 4.055 हे० सरकारी भूमि एकीकृत आयुष महाविद्यालय की स्थापना के लिए आवश्यक मानकानुसार निर्विवाद निशुल्क उपलब्ध है। यह स्थान भी मेरठ जनपद की सीमा से सटा हुआ। रालोद जिलाध्यक्ष रामपाल चौधरी ने बताया कि मोदीनगर विधानसभा क्षेत्र के गांव तलहटा में 13.5 एकड़ भूमि को एकीकृत आयुष महाविद्यालय के लिए स्थानांतरण कर दिया गया है। डीएम ने शासन को इसका प्रस्ताव भेज दिया है। इस महाविद्यालय में आयुर्वेद, यूनानी एवं होम्योपैथ तथा योग एवं नेचुरोपैथी विधा के अध्ययन-अध्यापन एवं प्रशिक्षण की व्यवस्था होगी। आयुर्वेद मेडिकल कालेज में प्रथम वर्ष में 100 छात्रों का प्रवेश होगा। महाविद्यालय के बनने से आसपास के जिलों को बड़ा फायदा मिलेगा।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस पर आई 104 शिकायतें, 05 शिकायतों का निस्तारण



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** सम्पूर्ण समाधान दिवस पर 104 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से मौके पर 05 शिकायतों का निस्तारण किया गया। मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल की अध्यक्षता में मोदीनगर तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। इस दौरान 104 शिकायतें प्राप्त हुई। जिसमें से मौके पर 05 शिकायतों का निस्तारण किया गया। इस दौरान एसडीएम अजीत सिंह, एसीपी मोदीनगर अमित सक्सेना, तहसीलदार रजत सिंह, पुलिस अधिकारी सहित अन्य विभागों के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मुख्य मार्गों से अतिक्रमणकारियों को हटाया जाए

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** विश्व सनातन हिंदू वाहिनी के पदाधिकारियों व सामाजिक शिक्षित नागरिकों द्वारा संपूर्ण समाधान दिवस के मौके पर ज्ञापन सौंपा ।जिसमें यह मांग की गई कि पिछले दो वर्षों से बाहर के लोगों जिनमें जिला सम्भल, एटा, अलीगढ़ व अन्य सूदूर जिलों के बाहरी लोगों द्वारा केवल दो -तीन महीनों के लिए मूंगफली आदि के ठीए दिल्ली मेरठ हाईवे व मोदीनगर शहर के मुख्य मार्गों जिसमें सारा रोड, बिसोखर रोड, निवाड़ी रोड , हापुड़ रोड, कस्बा रोड, फफराना रोड, तिबड़ा रोड आदि पर लगाए जाते हैं ।विश्व सनातन हिंदू वाहिनी के पदाधिकारियों व सामाजिक नागरिकों ने आरोप लगाते हुए पीठासीन अधिकारी को बताया कि यह एक बड़ी साजिश का हिस्सा हो सकता है क्योंकि पूर्व में भी दिल्ली आदि प्रदेशों में बाहरी रोहिंग्या व अवैध घुसपैठिए वहां की पुलिस के द्वारा पकड़े गए हैं जो लव जिहाद, लूटपाट, अवैध मानव तस्करी, चोरी, डकैती, हत्या आदि की घटनाओं में लिप्त पाए गए हैं। यह मांग की गई कि दिल्ली मेरठ हाईवे व शहर के मुख्य मार्गों से तत्काल प्रभाव से इन अतिक्रमणकारियों को हटाया जाए तथा बिना पुलिस वेरिफिकेशन के इन बाहरी लोगों को अपने घरों व दुकानों के बाहर ठीया न लगाए। इस मौके पर श्री राज वर्मा, अनिल जैन, धीरेंद्र शर्मा, कपिल चौधरी, अरुण चौधरी, शशिकांत शर्मा, फकीर चंद, दीपक कुमार, कृष्ण शर्मा, नरेश सिंह आदि सैकड़ों कार्यकर्ता व सामाजिक नागरिकगण उपस्थित रहें। इस मौके पर संपूर्ण समाधान दिवस प्रभारी तहसील मोदीनगर के पीठासीन अधिकारी ने तत्काल कार्रवाई का आश्वासन दिया।

# बच्चों के खेल पर विवाद, चार लोगों ने युवक और परिवार के साथ की मारपीट

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** लोनी बॉर्डर थाना क्षेत्र की गंगा एन्क्लेव कॉलोनी में दो अक्टूबर को बच्चों के खेल पर उत्पन्न विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। बच्चों को धमकाने के विरोध में खड़े वसीम नामक युवक पर चार लोगों ने हमला किया, जबकि बीच-बचाव के लिए आए उसके परिवारजन और साथी भी घायल हो गए। घटना के अनुसार, मोहल्ले में रहने वाले बच्चे गली में खेल रहे थे और शोर मचाया। इस पर वहां रहने वाले एहसान ने बच्चों को डांटते हुए खेलने से मना किया। वसीम ने बच्चों को धमकाने के विरोध में यह कहते हुए बीच में आकर बात की। आरोप है कि वसीम की बात से गुस्साए एहसान ने अपने दो साथियों शहजाद और अमजद तथा अपने साले को बुलाया और लाठी-डंडे लेकर वसीम पर हमला कर दिया। शोर सुनकर वसीम की चाची शमीम बानो और साथी हरीश उसे बचाने के लिए गली में आए। इस दौरान आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट की। भीड़ इकठ्ठा होने पर चारों आरोपियों ने युवक की जान से मारने की धमकी दी और मौके से फरार हो गए। पीड़ित के भाई की शिकायत पर लोनी बॉर्डर थाना पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि मामले की गहन जांच की जा रही है और आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि गंगा एन्क्लेव कॉलोनी में अक्सर बच्चों के खेल और मोहल्ले में झगड़े की घटनाएं सामने आती रहती हैं। उन्होंने प्रशासन से अपील की है कि सुरक्षा सुनिश्चित करने और ऐसे विवादों को रोकने के लिए सख्त कदम उठाए जाएं, ताकि भविष्य में बच्चों और युवाओं के साथ हिंसा की घटनाएं न हों।

# ग्राम अबूपुर में धरना जारी, विभिन्न सामाजिक संगठनों ने दिया अपना समर्थन




वेलकम इंडिया

**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** ग्राम अबूपुर (विकास खंड झ मुरादनगर) में नालियों के गंदे जलभराव व उलटी दिशा में बनी नालियों के निर्माण की समस्या को लेकर निर्वाण फाउंडेशन द्वारा चल रहा धरना आज सातवें दिन भी जारी रहा। धरना स्थल पर विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं दलों हिन्दू समाज पार्टी से विधानसभा प्रभारी अनिल कुमार जैन, सनातनी सेना के मोदीनगर विधानसभा अध्यक्ष मनोज कुमार, जिला अध्यक्ष गाजियाबाद अजय लोचक एवं अमित अग्रवाल नवरसन गुरूजी राष्ट्रीय देहात मोर्चा के राष्ट्रीय महासचिव मंतराम नागर अपने सदस्यों के साथ ने पहुँचकर इस आंदोलन को अपना समर्थन दिया। समाजसेवी हरेंद्र शर्मा जी, सूरज, अजीत, अमित, अर्जुन, मनोज, गौरव, आकाश, श्यामबीर, डा. सुधा, डा. अंशिका, रामकिशोर गौतम, गजेंद्र प्रधान चूड़ियाला, राहुल, सतेन्द्र, बंटी, शिवम, दीपक आदि लोग उपस्थिति रहे।

# सिवाल खास विधानसभा क्षेत्र में रालोद ने चलाया सदस्यता अभियान



वेलकम इंडिया

**सिवाल खास ।** सिवाल खास विधानसभा क्षेत्र रालोद के सदस्यता प्रभारी रणवीर दहिया के नेतृत्व में विधानसभा के ग्राम पथौली व बहादुरपुर व घसोली में सदस्यता ग्रहण कराई। सदस्यता प्रभारी रणवीर दहिया ने सभी वर्ग का सम्मान करने वाली और किसान और मजदूर हितेषी पार्टी बता कर लोगों से अधिक से अधिक सदस्य बनने तथा पार्टी को मजबूत करने की अपील की। उन्होंने कहा की सदस्यता अभियान के दौरान युवा वर्ग तथा क्षेत्र के लोग पार्टी से जुड़ रहे हैं। इसके अलावा घसोली में कुणाल चौधरी के आवास व कन्हैयालाल व फूल कुमार व पथौली में बाबू राम के निवास पर व ऋषिपाल व श्रीपाल सिरोही व बहादुरपुर में लोकेंद्र के निवास पर सदस्यता अभियान चलाया गया। इस मौके पर सुकरमपाल नेहरा व सुरेंद्र नाथ गुप्ता रणवीर दहिया व सचिन चौधरी व आरूषि सिरोही आदि लोग उपस्थित रहे।

# लोनी गंगा एन्क्लेव में बच्चों के खेल पर विवाद, चार लोगों ने युवक और परिवार के साथ की मारपीट

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** लोनी बॉर्डर थाना क्षेत्र की गंगा एन्क्लेव कॉलोनी में दो अक्टूबर को बच्चों के खेल पर उत्पन्न विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। चार लोगों ने एक युवक के साथ मारपीट की, जबकि युवक की चाची और साथी ने बीच-बचाव की कोशिश की तो उन पर भी हमला किया गया। जानकारी के अनुसार, गली में खेल रहे बच्चों द्वारा शोर मचाए जाने पर मोहल्ले में रहने वाले एहसान ने उन्हें डांटते हुए खेलने से रोका। इस पर बसीम नामक युवक ने बच्चों को धमकाने के विरोध में बीच में आकर बात की। आरोप है कि बसीम की बात से गुस्साए एहसान ने अपने दो साथियों शहजाद और अमजद तथा अपने साले को बुलाया और लाठी-डंडे लेकर बसीम पर हमला कर दिया। हल्ला सुनकर बसीम की चाची शमीम बानी और साथी साधी हरीश उसे बचाने के लिए गली में आए। इसी बीच चारों आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट की। भीड़ इकठ्ठा होने पर आरोपी युवक की जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पीड़ित के भाई की शिकायत पर लोनी बॉर्डर थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर तलाशी शुरू कर दी है।

# सरकारी नौकरी दिलवाने का झांसा देकर लाखो की धोखाधडी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर।** निवाड़ी पुलिस ने सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा देकर लाखों की ठगी करने वाले आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है। सहायक पुलिस आयुक्त अमित सक्सेना ने बताया कि गत 16 जुलाई को निवाडी थाने पर वादिया ने तहरीर दी कि विपक्षीगण द्वारा उत्तर प्रदेश महिला समाज कल्याण विभाग मे सुपरवाईजर के पद पर सरकारी नौकरी लगवाने का झांसा देकर लाखों रुपए आनलाईन यूपीआई के माध्यम से व 5000 रुपए कैश के माध्यम से कुल 4,94,000 रुपए हडप लेना व वादिया की नौकरी न लगने पर रूपयो को वापस मागंने पर गाली गलौज करते हुए जाति सूचक शब्दो का प्रयोग किया गया है। सहायक पुलिस आयुक्त अमित सक्सेना ने बताया कि प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना निवाडी पर संबंधित धाराओं व एससी/एसटी एक्ट के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया तथा अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम का गठन किया गया। शुक्रवार को थाना निवाडी पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर आरोपी अरविन्द शर्मा निवासी जमुना विहार कस्बा व थाना खतौली जनपद मुजफ्फरनगर व अभियुक्ता रेनू पंवार निवासी ग्राम पैंगा थाना निवाडी गाजियाबाद को गिरफ्तार किया गया।

# सड़कों और फुटपाथ पर अतिक्रमण हटाया गया, शराब की दुकान के सील खोलने पर पुलिस में एफआईआर दर्ज कराने के दिए निर्देश

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने राजनगर एक्सटेंशन में सड़कों और फुटपाथ पर अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शनिवार को दूसरे दिन भी जारी रखी। प्राधिकरण उपाध्यक्ष अतुल वत्स के दिशा-निर्देशों के क्रम में प्रवर्तन जोन 1 के प्रभारी और टीम ने वीवीआईपी मॉल के निकट और आसपास के क्षेत्रों में वृहद स्तर पर अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया।

पहले दिन वीवीआईपी मॉल के कुछ हिस्सों से अतिक्रमण हट पाया था, वहीं दूसरे दिन शेष अतिक्रमण को हटाया गया। केडीपी गोल चक्कर और 24, 30 व 45 मीटर चौड़ी सड़कों पर किए गए अतिक्रमण को भी प्रभावी ढंग से हटाया गया। प्राधिकरण अधिकारियों ने चेतावनी दी कि अगर भविष्य में पुनः सड़कों और फुटपाथों पर अतिक्रमण किया गया तो कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। कार्यवाही के दौरान राजनगर रेजीडेंसी के निकट संचालित शराब की दुकान को पहले सील किया गया था, लेकिन निरीक्षण के दौरान पाया गया कि दुकान की सील हटा दी गई थी। इस मामले में प्राधिकरण ने निर्देश दिया कि सील से छेड़छाड़ के लिए पुलिस में तहरीर दी जाए। साथ ही दुकान संचालक को चेतावनी दी गई कि दो दिन के भीतर सामान खुद से हटाया जाए, अन्यथा आगामी ध्वस्तीकरण अभियान में हुए नुकसान की जिम्मेदारी संचालक की होगी। इसी प्रकार मोरटी गांव के निकट लगाए गए पुनःधर्म कांटे को भी हटवाया गया। कार्रवाई के दौरान कुछ लोगों ने विरोध किया, लेकिन पुलिस के सहयोग से कार्यवाही को सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया। मौके पर थाना और प्राधिकरण पुलिस के साथ-साथ प्राधिकरण के स्टाफ भी मौजूद थे। प्राधिकरण उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने कहा कि अनाधिकृत कालोनियों और अवैध निमार्णों के खिलाफ यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। हमारा उद्देश्य साफ-सुथरी और व्यवस्थित सड़कों के माध्यम से जनता के हित और सुरक्षा को सुनिश्चित करना है। सभी दुकानदारों और निवासियों से अपील है कि वह सरकारी नियमों का पालन करें और अतिक्रमण न करें।

## जीएसटी में मिली राहत, धन्यवाद मोदी सरकार का गूंजा स्वर

# जीएसटी अभियान के तहत व्यापारी सम्मेलन में व्यापार जगत की आवाज हुई प्रखर

वेलकम इंडिया

**गाज़ियाबाद।** भारतीय जनता पार्टी महानगर गाज़ियाबाद द्वारा जीएसटी अभियान के अंतर्गत आयोजित व्यापारी सम्मेलन का आयोजन शनिवार को चांसलर क्लब, चिरंजीव बिहार में किया गया। कार्यक्रम का संचालन पार्षद मनोज त्यागी ने किया। इस अवसर पर व्यापार जगत से जुड़े सैकड़ों प्रतिनिधियों एवं व्यापार मंडल पदाधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में जीएसटी में मिली राहत झ धन्यवाद मोदी सरकार का स्वर बार-बार गूंजा।

व्यापारियों ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जीएसटी को सरल, पारदर्शी और जनहितैषी बनाया गया है, जिससे व्यापार में सहजता और विकास के नए अवसर खुले हैं। मुख्य वक्ता पूर्व महापौर आशु वर्मा ने कहा कि जीएसटी एक ऐसा कर सुधार है जिसने देश के व्यापारिक ढांचे को एकीकृत किया है। मोदी सरकार ने टैक्स दरों में लगातार कमी करते हुए हर वर्ग – छोटे व्यापारी से लेकर आम उपभोक्ता तक – को राहत दी है। यह राहत प्रधानमंत्री मोदी जी की उस सोच का प्रमाण है जिसमें हर नागरिक को आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सहभागी बनाना है। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने जो राहत दी है, वह हर व्यापारी के खाते में पहुंचने वाली उस किश्त की तरह है, जो आत्मनिर्भर भारत की दिशा में नई शुरूआत का संकेत है। आशु वर्मा ने कहा कि जीएसटी की घटती दरों और पारदर्शी व्यवस्था से आज व्यापार में सरलता आई है और विकास की गति तेज हुई है। महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कहा कि व्यापार वर्ग देश की आर्थिक रीढ़ है और भाजपा सदैव उनके साथ खड़ी है। यह अभियान न केवल जानकारी का माध्यम है, बल्कि व्यापारी समाज के मनोबल को भी बढ़ाने का प्रयास है। जीएसटी में मिली राहत झ धन्यवाद मोदी सरकार का यह भाव प्रत्येक व्यापारी के मन में है। मुरादनगर विधानसभा के विधायक अजीत पाल त्यागी (संयोजक एवं स्वागत अध्यक्ष) ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कर प्रणाली को पारदर्शी और जनहितैषी बनाया गया है। भाजपा सरकार चाहती है कि व्यापारी वर्ग ईमानदारी और सम्मान के साथ व्यापार करे तथा भारत के आर्थिक विकास में भागीदार बने।






# समाधान दिवस में 271 शिकायतें प्राप्त, मौके पर 30 का निस्तारण




वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** शासनादेश के अनुसार माह के प्रथम और तृतीय शनिवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के तहत जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ के निर्देशानुसार जनपद की तीनों तहसीलों मोदीनगर, लोनी और सदर में नागरिकों की समस्याओं का समाधान करने के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर अधिकारी जनता के करीब पहुंचे और उनके समस्याओं का मौके पर निस्तारण सुनिश्चित किया। मोदीनगर तहसील में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल की अध्यक्षता में आयोजित दिवस के दौरान कुल 104 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 5 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। इस दौरान एसडीएम अजीत सिंह, एसीपी मोदीनगर, तहसीलदार, पुलिस अधिकारी सहित अन्य विभागों के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। मौके पर अधिकारियों ने नागरिकों से संवाद किया और कहा कि प्रशासन हर स्तर पर जनता की समस्याओं के समाधान के लिए तत्पर है। सीडीओ अभिनव गोपाल ने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस का उद्देश्य जनता के मुद्दों को सीधे सुनना और उन्हें त्वरित निस्तारित करना है। हम चाहते हैं कि प्रत्येक नागरिक अपने हक और सुविधाओं के बारे में जानकार बने और कोई समस्या लंबित न रहे। लोनी तहसील में यह दिवस ज्वाईंट मजिस्ट्रेट/उपजिलाधिकारी दीपक सिंघनवाल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। इस दौरान कुल 94 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 11 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। कार्यक्रम में तहसीलदार, पुलिस अधिकारी, नगर पालिका के अधिकारी और अन्य विभागों के कर्मचारी उपस्थित थे। दीपक सिंघनवाल ने कहा कि हमारी प्राथमिकता यह है कि हर नागरिक को उनकी समस्या का समाधान समयबद्ध तरीके से मिले। सम्पूर्ण समाधान दिवस इसे सुनिश्चित करने का एक प्रभावी माध्यम है।

सदर तहसील में यह दिवस विधायक संजीव शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस दौरान कुल 73 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 14 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। कार्यक्रम में एडीएम सिटी विकास कश्यप, एसडीएम अरुण दीक्षित, नगर निगम के अधिकारी, तहसीलदार, पुलिस अधिकारी और अन्य विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। संजीव शर्मा ने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस के माध्यम से जनता सीधे प्रशासन के संपर्क में आती है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि जनता की समस्याओं का समय पर समाधान हो और लोग अपने हक के प्रति जागरूक रहें। आईने बताया कि तीनों तहसीलों में कुल 271 शिकायतें प्राप्त हुईं और 30 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। अधिकारियों ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य जनता की समस्याओं का त्वरित निस्तारण, प्रशासन की जवाबदेही और सरकारी योजनाओं के सही लाभ सुनिश्चित करना है। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ ने कहा कि हम चाहते हैं कि जनता के मुद्दों को समय पर सुना और निस्तारित किया जाए।

# विधायक संजीव शर्मा ने किया प्रशिक्षण केन्द्र का उद्घाटन



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में (एस०एस०डी०एफ०) योजनान्तर्गत निजी प्रशिक्षण प्रदाता सइनेर्जी टेलीमेटिक प्रा०लि० को अल्पकालीन कौशल प्रशिक्षण संचालित किये जाने हेतु सेक्टर आई०टी० – आई०टी०ई०एस० में मिशन मुख्यालय, लखनऊ द्वारा प्राप्त लक्ष्य के अनुसार प्रशिक्षण केन्द्र, आध्यात्मिक नगर, गाजियाबाद का उद्घाटन मा० विधायक श्री संजीव शर्मा जी एवं मुख्य विकास अधिकारी महोदय श्री अभिनव गोपाल द्वारा फीता काटकर किया गया।



## नौकरी के नाम पर ठगी, महिला से 1.60 करोड़ रुपये वसूले गए

**गाजियाबाद।** गांव पैंगा की रहने वाली महिला ने आरोप लगाया है कि उसके साथ नौकरी के नाम पर 1.60 करोड़ रुपये की ठगी की गई। पीड़िता ने बताया कि उसके घर पर गांव निवासी रेनू पंवार और अरविंद शर्मा आए। रेनू ने महिला को बताया कि अरविंद समाज कल्याण विभाग में अधिकारी हैं और उनके माध्यम से महिला को सरकारी नौकरी लगाई जा सकती है।

# नशेड़ी पड़ोसी ने महिला को चाकू से गोदा, मौत

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** लोनी थाना क्षेत्र में शनिवार को नशे में धुत पड़ोसी द्वारा एक महिला की बेरहमी से हत्या कर दिए जाने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। मामूली विवाद ने इतना भयानक रूप ले लिया कि आरोपी ने गुस्से में महिला पर चाकू से कई बार वार कर उसकी जान ले ली। घटना अशोक विहार स्थित मुगल गार्डन कॉलोनी की है, जहाँ दोपहर के समय 50 वर्षीय शहनाज नामक महिला अपने घर से पास की दुकान पर घरेलू सामान लेने गई थीं। इसी दौरान मोहल्ले में ही रहने वाला मोनू नामक युवक, जो पुताई का काम करता है और नशे का आदी बताया जा रहा है, दुकान पर पहुंच गया। उसने अचानक शहनाज के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। शहनाज ने विरोध किया तो आरोपी ने जेब से चाकू निकाला और उन पर ताबड़तोड़ वार कर दिए। चाकू के वार से महिला गंभीर रूप से घायल होकर वहीं गिर गईं। मौके पर मौजूद लोगों ने शोर मचाते हुए आरोपी को पकडे की कोशिश की, लेकिन वह भाग निकला।

रक्तरंजित हालत में शहनाज को तत्काल दिल्ली स्थित जी.टी.बी. अस्पताल ले जाया गया, जहाँ चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतका के पति अनवार, जो ट्रोनिका सिटी औद्योगिक क्षेत्र की एक फैक्ट्री में काम करते हैं, ने बताया कि आरोपी मोनू नशे का आदी है और अक्सर मोहल्ले में लोगों से झगड़ा करता रहता था। दो दिन पहले उसकी पत्नी की मोहल्ले की कुछ महिलाओं से कहा-सुनी हुई थी, जिसके बाद से ही वह बदला लेने की धमकी दे रहा था। घटना के बाद मौके पर पहुँचे एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि पीड़ित पक्ष की तहरीर पर आरोपी मोनू के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है। उसकी गिरफ्तारी के लिए कई टीमों का गठन किया गया है।

# नाथू स्वीट्स में एक विचार गोष्ठी का आयोजन हुआ








वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** अंतरराष्ट्रीय वृद्ध जन दिवस के उपलक्ष मे समिति द्वारा फऊउ स्थित नाथू स्वीट्स में एक विचार गोष्ठी का आयोजन, समिति के अध्यक्ष डॉ जे एल रैना की अध्यक्षता में किया गया, समिति के कार्यकलापों की सूक्ष्म रिपोर्ट महा सचिव श्री आर के गुप्ता जी द्वारा दी गई। मुख्य अतिथि के रूप में सेवा निवृत्त वरिष्ठ आई एस एस अधिकारी श्री सीताराम मीणा रहे गोष्ठी का संचालन श्री वी पी रस्तोगी ने किया समिति के वरिष्ठ सदस्य श्री वी के शर्मा जी से मुख्य अतिथि का सदन में परिचय देने का आग्रह किया। मुख्य अतिथि द्वारा विषय की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित सदस्यों को सामाजिक आर्थिक, मुस्कान, एकांत, सत्यम शिवम सुन्दरम, आत्मा व वरिष्ठ जन के विभिन्न पहलुओं पर महत्व पूर्ण जानकारी देते हुए जीवन का सार समझाया वर्तमान में परिवारों में आपसी रिश्तों में न तो मधुरता रही है और न ही सभी मे सामंजस्य घर के बुजुर्गों की जीवन यात्रा के समापन की तैयारी एवं आत्मा का वस्त्र बदलने के बारे मे बतायागया। सभा में उपस्थित कुछ सदस्यों हरि पाल सिंह, वी के शर्मा, श्रीमती सरोज मिनोचा जी तथा आर के शर्मा जी ने भी अपने विचारों से अवगत कराया। मुख्य अतिथि एवं सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए डॉ रैना ने सभी से गोष्ठी में हुई विस्तृत चर्चा से जानकारी बढ़ा कर लाभ उठाएं और अपनी समस्याओं के समाधान के प्रति जागरूक रहें। गोष्ठी आयोजकों सफलता में मुख्यतः आर एन सक्सेना, रमेश अरोड़ा, डी के शर्मा ए के गुप्ता एलडी शर्मा मिथलेश जी आदि ने भी अपना भरपूर योगदान दिया।

# मेरठ मंडलायुक्त और नोएडा डीएम की अध्यक्षता में समस्याओं के सापेक्ष समाधान तकरीबन 6.5 प्रतिशत

वेलकम इंडिया

**इंद्रेश शर्मा, गौतम बुद्ध नगर।** जिला गौतमबुद्धनगर की तीनों तहसीलों दादरी, सदर एवं जेवर में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 198 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 13 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही अधिकारियों द्वारा कर दिया गया जो कि प्राप्त हुई समस्याओं का समाधान लगभग 6.5 प्रतिशत है। दादरी तहसील में मेरठ मंडल के मंडलायुक्त डॉ. हृषिकेश भास्कर यशोद ने संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए आम नागरिकों की शिकायतें सुनीं। इस अवसर पर कुल 132 शिकायतें विभिन्न विभागों से संबंधित प्राप्त हुईं, जिनमें से 09 शिकायतों का निस्तारण तत्काल कर दिया गया। मंडलायुक्त मेरठ ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का त्वरित और प्रभावी निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है, तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार, उप जिलाधिकारी दादरी अनुज नेहरा, पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारीगण तथा संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। सदर तहसील में जिलाधिकारी गौतम बुद्ध नगर मेधा रूपम ने समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए जनता की शिकायतों का अनुश्रवण किया। सदर तहसील में कुल 12 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 02 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही किया गया।






# डीएम मेघा रूपम ने हेल्प एंड असिस्टेंस बूथ का रिबन काटकर किया शुभारंभ

वेलकम इंडिया

नोएडा जिलाधिकारी मेघा रूपम द्वारा समाधान दिवस की अध्यक्षता से पूर्व मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत तहसील सदर स्थित कमरा नंबर 11 में महिलाओं की समस्याओं के समाधान हेतु स्थापित हेल्प एंड असिस्टेंस बूथ का रिबन काटकर शुभारंभ किया।

इस बूथ के माध्यम से महिलाएं आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र, विरासत, दाखिल-खारिज से संबंधित कार्यों के साथ-साथ विभिन्न विभागों द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ एक ही मंच से प्राप्त कर सकेंगी। महिलाओं की सुविधा के लिए सप्ताहवार रोस्टर भी तैयार किया गया है, प्रत्येक सोमवार एवं मंगलवार को लेखपाल ममता कुमारी एवं सुरभि, बुधवार एवं गुरुवार को नीरज लता एवं नेहा, तथा शुक्रवार एवं शनिवार को बबीता शुक्ला एवं अनुसूया की ड्यूटी निर्धारित की गई है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ. शिवाकांत द्विवेदी, उप जिलाधिकारी सदर आशुतोष गुप्ता, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेंद्र कुमार, जिला विकास अधिकारी शिव प्रताप परमेश सहित पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारीगण तथा संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

